श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 289, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 15 नवंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योग: साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

# दिल दहला देने वाले हत्याकांड: लिव इन पार्टनर ने प्रेमिका के 35 टुकड़े किए

## आरोपी गिरफ्तार, क्राइम शो देखकर फ्रिज में स्टोर किए बॉडी पार्ट्स, 18 दिन तक जंगल में फेंके

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दिल दहला देने वाले हत्याकांड का खुलासा किया। 18 मई यानी करीब 6 महीने पहले लिव इन पार्टनर आफताब ने अपनी 26 साल की प्रेमिका श्रद्धा की बेरहमी से हत्या कर दी। उसके शव को आरी से काटा। नया फ्रिज लाया ताकि टुकड़े उसमें रख सके और बदबू दबाने के लिए अगरबत्ती सुलगाता था। 18 दिन तक रोज रात 2 बजे उठता और शव के टुकड़े जंगल में फेंक आता था। पुलिस ने आफताब को शनिवार को अरेस्ट किया। इसके बाद उसने श्रद्धा की हत्या की सनसनीखेज कहानी बताई। इधर, कोर्ट ने आफताब को 5 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

पूरे मामले पर सूत्रों ने पुलिस के हवाले से बताया कि, आफताब ने वारदात से पहले अमेरिकी क्राइम शो डेक्स्टर समेत कई क्राइम मूवीज और शोज देखें थे। इसके बाद ही उसने श्रद्धा का मर्डर किया और उसकी बॉडी के 35 टुकड़े किए। उसने बॉडी पार्ट्स को सुरक्षित रखने के लिए बाजार से एक बड़ा फ्रिज भी खरीदा। वह रोज कुछ टुकड़े फ्रिज से निकालता और जंगल में ठिकाने लगाने निकल पड़ता। यह सिलसिला 18 दिन तक चलता रहा।

**साइकोलॉजिकल थ्रिलर शो है डेक्स्टर:** डेक्स्टर एक अमेरिकी क्राइम ड्रामा और साइकोलॉजिकल थ्रिलर शो है, जो 2006 से 2013 के बीच ऑनएयर हुआ। इसके 8 सीजन हैं। इस शो का मुख्य किरदार डेक्स्टर मॉर्गन दिन में पुलिस के लिए फॉरेंसिक टेक्नीशियन के तौर पर काम करता है, जबकि रात को वह सीरियल किलर के तौर पर उन अपराधियों का मर्डर करता है जिन्होंने बर्बर अपराध किए है, लेकिन कानून ने उन्हें सही सजा नहीं दी।


**कौन थी श्रद्धा?:** 26 साल की श्रद्धा मुंबई के मलाड की रहने वाली थी। यहां वह एक मल्टीनेशनल कंपनी के कॉल सेंटर में काम करती थी।

**अब जानिए अफताब के बारे में:** आफताब अमीन फूड ब्लॉगर है। इंस्टाग्राम पर उसका पर्सनल अकाउंट द हंगरी छोकरो के नाम से है, जबकि उसका फूड ब्लॉग इंस्टाग्राम पर द हंगरी छोकरो एस्कैपेड्स नाम से है। अपने पर्सनल ब्लॉग पर उसने आखिरी फोटो 3 मार्च 2019 को पोस्ट किया था। अपने फूड ब्लॉग से उसने आखिरी फोटो 2 फरवरी को पोस्ट किया था।

**आफताब-श्रद्धा कब और कैसे मिले?**-श्रद्धा और आफताब दोनों कॉल सेंटर में काम करते थे। 2019 में यहीं दोनों की मुलाकात हुई। दोनों प्यार करने लगे, लेकिन दोनों के रिश्ते से परिवार वाले नाखुश थे।

इसके चलते दोनों मुंबई से दिल्ली शिफ्ट हो गए और महरौली के एक फ्लैट में लिव इन में रहने लगे। श्रद्धा अपने क्लासमेट लक्ष्मण से कॉन्टैक्ट में थी। लक्ष्मण ही श्रद्धा के पिता विकास मदान को जानकारी देता था। जब श्रद्धा ने कई दिन तक लक्ष्मण का फोन नहीं उठाया तो उसने श्रद्धा के पिता को जानकारी दी। इस पर पिता ने कहा कि सोशल मीडिया पर भी कोई अपडेट नहीं मिल रही है। विकास मदान बेटी का हालचाल जानने 8 नवंबर को दिल्ली पहुंचे। जब वे उसके घर पहुंचे तो ताला लगा था। उन्होंने महरौली पुलिस में शिकायत की और बेटी के अगवा होने का आरोप लगाया।





# 'जबरदस्ती धर्म परिवर्तन देश की सुरक्षा के लिए खतरा'

## जबरन धर्मांतरण न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा हो सकता

**नई दिल्ली:** डरा-धमकाकर या लालच देकर धर्म परिवर्तन को सुप्रीम कोर्ट ने गंभीर मामला बताया है। सोमवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि जबरन धर्मांतरण न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ बल्कि देश की सुरक्षा के लिए भी खतरा हो सकता है। जस्टिस एमआर शाह और हिमा कोहली की बेंच ने जबरन धर्मांतरण के खिलाफ केंद्र सरकार को सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही कानून की मांग को लेकर दायर याचिका पर 22 नवंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर को होगी।

**याचिकाकर्ता की मांग- धर्म परिवर्तन रोकने के लिए अलग से बने कानून:** जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने याचिका दायर की है। याचिका में धर्म परिवर्तनों के ऐसे मामलों को रोकने के लिए अलग से कानून बनाए जाने की मांग की गई है। या फिर इस अपराध को भारतीय दंड संहिता में शामिल करने की अपील की गई है। याचिका में यह भी कहा गया है कि यह मुद्दा किसी एक जगह से जुड़ा नहीं है, बल्कि पूरे देश की समस्या है जिस पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है।

**कोर्ट ने केंद्र से कहा- ईमानदारी से कोशिश करें:** धर्मांतरण को बहुत गंभीर मुद्दा बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से इस मामले में दखल देने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि इस चलन को रोकने के लिए ईमानदारी से कोशिश करें। कोर्ट ने इस बात की चेतावनी भी दी कि अगर जबरन धर्मांतरण को नहीं रोका गया तो बहुत मुश्किल परिस्थितियां खड़ी हो जाएंगीं।

**आदिवासी इलाकों में ज्यादा होते हैं ऐसे मामले:** केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि धर्म परिवर्तन के ऐसे मामले आदिवासी इलाकों में ज्यादा देखे जाते हैं। इस पर कोर्ट ने उनसे पूछा कि अगर ऐसा है तो सरकार क्या कर रही है। इसके बाद कोर्ट ने केंद्र से कहा कि इस मामले में क्या कदम उठाए जाने हैं, उन्हें साफ करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि संविधान के तहत धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन जबरन धर्मांतरण कानूनी नहीं है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बेंच से कहा कि 1950 में संविधान सभा में इस बारे में चर्चा की गई थी और सरकार भी इस मसले से वाकिफ है। उन्होंने कहा कि सरकार जल्द ही इस बारे में अपना जवाब दाखिल करेगी।



**मां-बाप से बिछड़े 3 हिंदू बच्चों को मुस्लिम बना दिया**

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से लगे हुए रायसेन जिले के गौहरगंज में मां-बाप से बिछड़े 3 हिंदू बच्चों को मुस्लिम बना दिया गया है। तीनों बच्चे भाई-बहन हैं, जो साल 2020 में कोविड के कारण लगे पहले लॉकडाउन के पहले मंडीदीप में अपने माता-पिता से बिछड़ गए थे। मेरठ में 28 अक्तूबर को धर्म परिवर्तन का एक बड़ा मामला सामने आया। मंगतपुरम बस्ती के करीब 400 लोग एसएसपी ऑफिस पहुंचे। शिकायत थी कि उन्हें जबरन हिंदू से ईसाई बनने को मजबूर किया जा रहा है।

### "आटा, चावल देकर हमें बरगलाया"

**बस्ती** में घुसते ही सामने भारी भीड़ दिखी। भीड़ में बस धर्म परिवर्तन की चर्चा है। बस्ती में रहने वाले खटीमा बताते हैं, "जब लॉकडाउन लगा था। तब इन लोगों की तरफ से हमें आटा, चावल दिया जाता था। उसका पैसा भी कई बार ले लेते थे। वो पैसा कहां जमा हुआ, हमें नहीं मालूम। लेकिन, अब ये कहते हैं कि हम उनके चर्च में आएं। उनके साथ रहें। हम अपने भगवान को मानते हैं, उनके जैसे कैसे हो जाएं। स्मृति कहती हैं कि हमारे साथ धोखा हुआ। पहले मदद कर हम लोगों का भरोसा जीता, अब मनमानी कर रहे हैं। हममें से कई लोगों को अपने में मिला लिया है। लेकिन, वो लोग अब धीरे-धीरे वापस आ रहे हैं।"

# बिना कमीशन दिए राज्य में कोई काम नहीं होता: तीरथ सिंह



**देहरादून:** उत्तराखंड के पूर्व सीएम तीरथ सिंह रावत का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कर रहे हैं कि राज्य में बिना कमीशन दिए कोई काम नहीं हो सकता। अभी पता नहीं चल पाया है कि यह वीडियो कब का है, लेकिन इसमें बीजेपी नेता राज्य में कमीशनखोरी पर दुख जताते नजर आ रहे हैं। वीडियो में रावत कह रहे हैं- भले ही मैं मुख्यमंत्री रहा हूं और शायद यह नहीं कहना चाहिए, लेकिन मुझे यह स्वीकार करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि जब हम उत्तर प्रदेश से अलग हुए थे, तो वहां सार्वजनिक काम को करने के लिए 20% तक कमीशन दिया जाता था। अलग होने के बाद, यह उत्तराखंड में जीरो हो जानी चाहिए थी, लेकिन यह जारी रही और हमने 20% के साथ शुरूआत की।

**रावत बोले- यह एक मानसिकता है**

रावत ने कहा कि हालांकि, किसी को विशेष रूप से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। यह एक मानसिकता है। यह तभी दूर होगी जब हम अपने राज्य को अपने परिवार के रूप में देखने लगेंगे। बता दें कि उत्तराखंड के साथ ही उत्तर प्रदेश में भी इखढ सत्ता में है।

**रावत का विवादों से पुराना नाता:** पूर्व मुख्यमंत्री का विवादों से पुराना नाता रहा है। पिछले साल मार्च में रावत ने देहरादून में एक वर्कशॉप में महिलाओं के रिप्ड जींस पहनने पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने कहा था, 'आजकल महिलाएं भी फटी जींस पहनती हैं। उनके घुटने दिखते हैं, ये कैसे संस्कार हैं ये संस्कार कहां से आ रहे हैं। इससे बच्चे क्या सीख रहे हैं और महिलाएं आखिर समाज को क्या संदेश देना चाहती हैं। फटी जींस हमारे समाज के टूटने का मार्ग प्रशस्त कर रही है। इससे हम बच्चों को बुरे उदाहरण दे रहे हैं, जो उन्हें नशीले पदार्थों के सेवन की ओर लेकर जाते हैं। अब हम अपने बच्चों को 'कैंची से संस्कार' दे रहे हैं।' हालांकि उन्होंने बाद में इस बयान के लिए माफी भी मांगी थी।

**मोदी की तुलना राम से की:** इससे पहले उन्होंने भारत की आजादी को लेकर एक बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि अमेरिका ने भारत को 200 सालों तक गुलाम बनाया। तीरथ ब्रिटेन की जगह अमेरिका बोल गए थे।

# ज्ञानवापी केस: अब 17 नवंबर को आएगा फैसला

**वाराणसी:** वाराणसी-ज्ञानवापी परिसर से संबंधित मुकदमे में ऑर्डर को अगली तारीख के लिए टाल दिया गया। फैसले के लिए अगली तारीख 17 नवंबर 2022 तय हुई। कोर्ट का कहना है कि ऑर्डर तैयार करने में समय लग रहा है। इससे पहले इस मुकदमे की सुनवाई 8 नवंबर को ही होनी थी। मगर, कोर्ट के पीठासीन अधिकारी के छुट्टी पर होने की वजह से 14 नवंबर की अगली डेट फिक्स कर दी गई थी। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह विसेन की पत्नी किरन सिंह विसेन और अन्य की ओर से दाखिल किया गया है। कोर्ट में हिंदू और मुस्लिम पक्ष अपनी बहस पूरी कर उसकी लिखित प्रति दाखिल कर चुके हैं।

**3 वकील देख रहे हमारे सारे मुकदमे:** जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा है कि ज्ञानवापी परिसर से संबंधित वे सभी मुकदमे जो वाराणसी जिला न्यायालय में हमारी देखरेख में चल रहे हैं, उनकी पैरवी के लिए केवल तीन ही अधिकृत अधिवक्ता नियुक्त किए गए हैं। उन तीनों अधिवक्ताओं के नाम मान बहादुर सिंह, अनुपम द्विवेदी और शिवम गौर हैं।

## सब्जियों और दालों के दाम कम होने से महंगाई दर घटकर 6.77% पर आई, सितंबर में 7.41% रही थी

# अक्टूबर में घटी रिटेल महंगाई

**नई दिल्ली:** अक्टूबर महीने में रिटेल महंगाई घटकर 6.77% पर आ गई है। सितंबर में ये 7.41% थी। वहीं एक साल पहले यानी अक्टूबर 2021 में ये 4.48% थी। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स (सीपीआई) आधारित रिटेल महंगाई दर के आंकड़े सोमवार (14 नवंबर) को जारी किए गए। लगातार 2 महीने बढ़ने के बाद सीपीआई में यह गिरावट देखने को मिली। महंगाई 3 महीने के निचले स्तर पर भी आ गई है।



**सब्जियों और दालों के दाम कम होने से महंगाई दर घटी:** खाने-पीने का सामान खास तौर पर सब्जियों और दालों की कीमतों के घटने की वजह से महंगाई घटी है। अक्टूबर महीने में खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर सितंबर के 8.6% से घटकर 7.01% पर आ गई। जबकि सब्जियों की महंगाई सितंबर के 18.05% से घटकर 7.77% पर पहुंच गई है।

**महंगाई कैसे प्रभावित करती है?:** महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए, यदि महंगाई दर 7% है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 93 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी।

# एक समय बिहार से ही देश की शासन व्यवस्था संचालित होती थी: सीएम

**पटना**

**मुख्यमंत्री** नीतीश कुमार ने सोमवार देर शाम जल संसाधन विभाग के नवनियुक्त कनीय लेखा लिपिक एवं निम्नवर्गीय लिपिकों के नियुक्ति पत्र वितरण - सह - उन्मुखीकरण समारोह में शामिल हुए।इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पौराणिक स्थल है। एक समय यहीं से शासन व्यवस्था संचालित होती थी। यहां विकास होगा तो लोगों को प्रेरित करेगा। सीएम ने कहा कि चिंता नहीं करनी है, समाज में प्रेम, भाईचारा और सद्भाव का भाव कायम रहे इसके लिए हम सभी को मिलकर काम करना है। आपस में झगड़ा नहीं करना है। कुछ लोग तो झगड़ा लगाने में विश्वास रखते हैं। उनका काम सिर्फ नफरत फैलाना और झगड़ा लगाना है।



ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। एकजुट रहते हुए सबका सम्मान करना है और सबके विकास के लिए काम करना है। हमने पढ़ाई से लेकर हर प्रकार से लोगों को सहूलियत पहुंचाई है, किसी की उपेक्षा नही की है। हम लोगों ने महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष पहल की है। सीएम ने कहा कि बिहार में महिलाओं को पुलिस की बहाली में 35 प्रतिशत का आरक्षण दिया गया है जिसका परिणाम है कि आज बिहार पुलिस में महिलाओं की संख्या 25 हजार से ज्यादा हो गई है। देश के किसी अन्य राज्य के पुलिस बल में महिलाओं की इतनी संख्या नहीं है। बिहार में इंजीनियरिंग और मेडिकल की पढ़ाई में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण दिया गया है। हमलोग के समय इंजीनियरिंग की पढ़ाई में लड़कियां नहीं होती थीं। आज कल जो लोग आईएएस बन रहे हैं, उनसे जब हमारी मुलाकात होती है तो पता चलता है कि आधे लोग इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके हैं। अधिक से अधिक लोगों को पढ़ाई के प्रति प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016 में हमने जल संसाधन विभाग के कामों को दो हिस्सों में बंटवाया ताकि बेहतर ढंग से सिंचाई, सुखाड़ एवं बाढ़ नियंत्रण का काम हो सके। एक हिस्से को सिंचाई के काम का दायित्व सौंपा गया, जबकि दूसरे हिस्से को बाढ़ प्रबंधन के काम में लगाया गया है । इसके बाद बाढ़ प्रबंधन के साथ - साथ सिंचाई की व्यवस्था में भी काफी सुधार आया। सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न होने पर लोगों को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए भी विशेष पहल की जाती है। पूरे चार महीने मेरा ध्यान इसी पर रहता है। हम हर बार जाकर देखते हैं कि आवश्यकता के मुताबिक काम पूरा हुआ या नहीं।

# हिमाचल में ड्रोन से सेब ढुलाई

**शिमला:** हिमाचल प्रदेश के किन्नौर जिला में ड्रोन से सेब को एक स्थान से दूसरी जगह पहुंचाने का ट्रायल सफर रहा। यह ट्रायल किन्नौर के निचार गांव में किया गया। विग्रो कंपनी के मैनेजर दिनेश नेगी ने बताया कि ट्रायल के दौरान 20 किलो सेब की पेटी कंडा' (दोगरी) से निचार गांव तक सफलतापूर्वक पहुंचाई गई। ट्रायल के दौरान ड्रोन को जमीन से 800 मीटर की ऊंचाई पर उड़ाया गया। उन्होंने बताया कि कंडा से निचार गांव तक लगभग 9 किलोमीटर का सफर तय करने में अमूमन 2 घंटे से ज्यादा वक्त लगता है। ड्रोन से इस दूरी पर 20 किलो सेब की पेटी पहुंचाने में 7 मिनट का वक्त लगा। दिनेश ने बताया कि कंडा से सेब को निचार गांव तक पहुंचाने में कई बार तीन से चार दिन लग जाते हैं। इससे सेब की क्वालिटी प्रभावित होती है। इसलिए क्षेत्र के लोग लंबे समय से ऐसी तकनीक पर विचार कर रहे थे जिससे सेब को समय पर मंडी पहुंचाया जा सके।

**अब 100 किलो सेब ड्रोन से पहुंचाना लक्ष्य:** दिनेश नेगी ने बताया कि आरंभिक ट्रायल सफल रहने का बाद उनका फोकस अब 100 किलो सेब एक साथ मंडी तक पहुंचाने पर रहेगा। इस दिशा में अब प्रयास किए जाएंगे। यह ट्रायल विग्रो कंपनी ने गुड़गांव आधारित स्काई वन कंपनी के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। इसमें टेक्नोलॉजी स्काई-वन कंपनी की है, जबकि फील्ड वर्क विग्रो कंपनी कर रही है।

**दुर्गम इलाकों के सेब बागवानों को अच्छी खबर:** ड्रोन से सेब ढुलाई का ट्रायल सफल रहना बागवानों के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश के किन्नौर, चंबा, शिमला, मंडी, कुल्लू और लाहौल स्पीति में कई दुर्गम क्षेत्र ऐसे है जहां से सेब को मंडी तक पहुंचाना किसी चुनौती से काम नहीं है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सामान्य निर्वाचन नगरीय निकाय को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये को बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में सोमवार को संगम सभागार में सामान्य निर्वाचन नगरीय निकाय को सकुशल ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी प्रभारी/सहायक प्रभारी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन अधिकारियों जो दायित्व सौंपे गये है, उसको समय से पूर्ण करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं अपर नगर



मजिस्टेटों को अपने-अपने क्षेत्रों के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों को चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने मतदान केन्द्रों पर बिजली, पानी, फर्नीचर सहित अन्य आवश्यक आवश्यकताओं की व्यवस्था समय से सुनिश्चित करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं पुलिस क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों का भ्रमण कर सभी आवश्यक व्यवथाएं सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने कामिंकों की ड्यूटी, यातायात तथा रूट चार्ट, शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था, शिकायत एवं आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सम्बंधी व्यवस्था, टेण्ट, बैरिकेटिंग एवं विद्युत सम्बंधी व्यवस्था, कम्यूनिकेशन प्लान सम्बंधी व्यवस्था, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था, साफ-सफाई सम्बंधी व्यवस्था एवं चिकित्सा सम्बंधी व्यवस्था हेतु सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक तैयारियां समय से सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि, एडीएम वित्त एवं राजस्व जगदम्बा सिंह, एस0पी0 सिटी सहित सभी नोडल अधिकारी एवं पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## करछना तहसील मुख्यालय के पास सड़क का यह है हाल

अखंड भारत संदेश

**करछना।** तहसील मुख्यालय के महज 500 गज की दूरी पर करछना पचदेवरा सड़क मार्ग पर पानी के जमाव के कारण आवागमन एवं दुर्घटना को दावत दे रही है यह सड़क स्थानीय लोगों ने बताया कि करछना मंदिर तिराहे से पचदेवरा मार्ग पर बस्ती के बीचो बीच जल निगम द्वारा बिछाई गई पाइप महीनों से लीकेज के कारण सड़क पर पानी जमा होने के कारण सड़क भी उखड़ गई है जिससे सड़क पर गुजर रहे वाहनों के कारण सड़क पर पानी के जमाव के चलते गड्ढे बन गए हैं वहीं दूसरी तरफ गाड़ियों के गुजरने से पानी के छींटे से मकानों और राहगीर भी कीचड़ और पानी के शिकार हो रहे हैं स्थानीय लोगों ने संबंधित उच्च अधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित करने की मांग की है।

# फूलपुर के एस्ट्रो क्लब में विद्यार्थी करेंगे अंतरिक्ष की सैर

### अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बाल दिवस पर शुरू हुआ तारामंडल

अखंड भारत संदेश

**फूलपुर।** फूलपुर नगर पंचायत के नामित सभासद राय साहब ने अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी के लिए सोमवार को बाल दिवस के अवसर पर फूलपुर में एस्ट्रो क्लब की स्थापना की। वर्षो से बच्चों को निशुल्क शिक्षा दे रहे राय साहब ने बताया कि एस्ट्रो क्लब में बच्चों को सौरमंडल के ग्रहों, उपग्रहों, सूर्य चंद्रमा, पृथ्वी उत्पत्ति, मानव जीवन की उत्पत्ति के साथ ही अन्य खगोलीय घटनाओं की जानकारी टेलिस्कोप के माध्यम से दी जाएगी। साथ ही क्लब में एक म्यूजियम, टेलिस्कोपिक ऑब्जर्वेशन, बाइनोक्यूलर्स ऑब्जर्वेशन, हाइड्रो रॉकेट



निर्माण, सन व्युव ग्लासेस इत्यादि की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए ये एस्ट्रो क्लब (तारामंडल) बहुत ही अच्छी पहल है। इससे ग्रामीण विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जागरूकता व रुचि बढ़ेगी। मौके पर भाजपा नेता सुरेश विश्वकर्मा, अजय केशरी, प्रियांशु यादव, विमलेश पटेल, कपिल पटेल, योगेश केसरवानी, रजत केशरी, राजा मौर्य, प्रांजल मौर्य, नीरज पटेल, प्रशांत वर्मा, हबीब, वारिश, शाश्वत, निखिल, ऋतिक, मोहित, अंजली, वैष्णवी, सचिन, सत्यम, आदित्य उपस्थित रहे।

# बाल दिवस पर इम्पीरियो फेस्ट 22 में बच्चों ने सभी का दिल जीता स्टालों पर उमडी भीड

अखंड भारत संदेश

**मऊआइमा।** बाल दिवस पर मऊआइमा के इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस( इम्पीरियो फेस्ट 22 में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें बडी संख्या में बच्चों के अभिभावक भी पहुंचे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीओ चिराग जैन आई पी एस ने बच्चों को सम्बोधित किए। तथा विशिष्ट अतिथि मऊआइमा इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने फीता काट कर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधालय में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की दुकानें लगा कर सभी का दिल जीत लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सी ओ चिराग जैन ने कहा कि 14 नवम्बर को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस पर बच्चे चाचा नेहरू के रूप में मनाते हैं। चूंकि प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू बच्चों से बहुत स्नेह और प्यार करते थे। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से जानते हैं। तथा सीओ चिराग जैन ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में जरुर भाग लेते हैं। वह भी बच्चों से बहुत ज्यादा प्यार करते हैं। इस अवसर मैजिसियन योगेंद्र योगी ने कागज जला कर मुख्य अतिथि सीओ चिराग जैन कागज जला कर गुलाब का फूल दिया तथा इसी प्रकार विषिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर सुरेश सिंह को माला पहना कर सभी को हैरत में डाल दिया। इम्पीरियो फेस्ट 22 विधालय के चेयरमैन डाक्टर नदीम इंतेखाब , प्रबंधक नूर उद्दीन सैफी ने बच्चों को ईनाम दे कर सम्मानित किए। इस अवसर पर विधालय के प्रधानाचार्य निकहत खान ,उप प्राचार्य उपेन्द्र राय ,शिक्षक कोपल जायसवाल ,कुलदीप सिंह ,साजिया खानम ,उमा फात्मा ,मरियम रियाज आदि के अलावा उमैर जलाल ,डाक्टर मंसूर ,मेराज आरिफ ,चेयर प्रतिनिधि शोएब अंसारी ,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मोहम्मद इम्तियाज समी ,सुभाष यादव ,आसिफ अब्बासी ,बासित ,अनीस अहमद , रिजवान ,वारिस ,राशिद लतीफ ,रिजवान ,पप्पू ,आलम ,सुनील मौर्या , तौफीक अहमद ,हसीन मुस्ताक ,उबैद उल्ला, आदि मौजूद थे। इसी प्रकार क्षेत्र के सभी विधालयों में चाचा नेहरू के जन्म दिवस पर अनेकों कार्यक्रम हुआ।

## बाल मेले में बच्चो ने खूब मस्ती की

**झूंसी।** बाल दिवस पर क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। बच्चों ने कई गतिविधियों में हिस्सा लिया। छतनाग स्थित एमपी बिरला शिक्षा भवन एवं इंटर कालेज में बाल मेले का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। प्रबंधक नीलिमा वर्मा ने नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। न्याय नगर पब्लिक स्कूल हवेलिया में बच्चे ने रंग-बिरंगे कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। सचिव एस. वर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. बुशरा मुस्तफा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए सभी बच्चों को सदा हंसते व मुस्कुराते रहने का आशीर्वाद दिया।

# बेसिक शिक्षकों के पदोन्नति की डीजी से की गयी मांग

### समस्याओं के निस्तारण के लिए शीघ्र मिलेगा प्रतिनिधि मण्डल : डा ज्ञान प्रकाश सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** वैचारिक शिक्षक वेलफेयर एसोशिएशन उत्तर प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों की बैठक वैचारिक शिक्षक संघ कार्यालय (वैचारिक भवन) प्रयागराज में आज हुई।

वैचारिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने बैठक की अध्यक्षता की।बैठक में विभिन्न शैक्षिक एवं सामाजिक मुद्दों पर वृहद चर्चा हुई जिसमे बेसिक शिक्षको का प्रदेश में कई वर्षो से पदोन्नति नही किए जाने पर सभी पदाधिकारियों ने आक्रोश जाहिर किया और प्रदेश अध्यक्ष

### वैचारिक शिक्षक संघ की बैठक में लिया गया कई निर्णय

वैचारिक शिक्षक संघ से मांग की गई कि वह शीघ्र इस मुद्दे पर प्रदेश के बेसिक शिक्षा महानिदेशक विजय किरन आनंद से मिलकर वार्ता करें जिससे शिक्षको की पदोन्नति शीध्र हो सके। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षको के पदोन्नति एवं जनपदीय, अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण के लिए शीघ्र एक प्रतिनिधि मण्डल महानिदेशक बेसिक शिक्षा श्री विजय किरन आनंद से मिलकर सभी लोग निवेदन करेंगे।वैचारिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि बेसिक शिक्षा महानिदेशक द्वारा बेसिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए हर स्तर पर सराहनीय पहल की जा रही है,ऐसे में वह निश्चित ही शिक्षकों के पदोन्नति पर भी पहल करेंगे।

बैठक के अंत में वैचारिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डा.ज्ञान प्रकाश सिंह के बेटे अंकित कुमार सिंह का चयन यूपी एसआई (यूपीदरोगा) में होने पर सभी पदाधिकारियों ने बुके देकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। बैठक में संरक्षक श्रीमती सुनीता सिंह,वरिष्ठ शिक्षक नेता विनोद कुमार सिंह,दिनेश वर्मा,अजीत सिंह,अमरजीत,सूर्य बली गुप्ता,दयाशंकर गुप्ता, संतलाल,रश्मि सिंह, भूपेन्द्र सिंह,अमित गुप्ता, राकेश कुमार,प्रदीप कुमार,रमाकांत सिंह, अमरेंद्र सिंह,यशवंत चौधरी, वेदप्रकाश,भारत भूषण, गोपेश पाल,महेंद्र कुमार,आनंद कुमार,नवनीत यादव, सयाराम गुप्ता,अंशुमान,सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एस०डी० पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता व खेलकूद प्रतियोगिता और लकी ड्रा का आयोजन किया गया

अखंड भारत संदेश

**सिरसा/प्रयागराज।** मेजा क्षेत्र ब्लाक उरुवा के अंतर्गत दिनांक 14 नवम्बर दिन सोमवार को एस० डी० पब्लिक स्कूल रामनगर में बाल दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता एवं लकी ड्रा का आयोजन किया गया। साथ ही साथ नवम्बर माह के यातायात जागरूकता अभियान चलाकर बच्चों एवं शिक्षक और शिक्षकाओ को यातायात के नियम और तरीके बताये गए। जिसमे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी मेजा विमल किशोर मिश्रा , अतिथि कोतवाली प्रभारी मेजा ज्ञानेश्वर मिश्रा,



जगदीश कुमार चौकी प्रभारी अभिषेक तिवारी सिरसा सह प्रभारी गौरव यादव अपने समस्त पुलिसकर्मियों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा चेयर का खेल का आयोजन किया गया। जिसमे प्रथम स्थान गरिमा सिंह, द्वितीय स्थान में युविका मिश्रा, तृतीय चरण में स्वाति यादव स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ लकी ड्रा का क्षेत्राधिकारी के द्वारा निकाला गया। जिसमें प्रथम स्थान विनायक केशरी, द्वितीय स्थान कार्तिकेय यादव, तृतीय स्थान प्रिंस, चतुर्थ स्थान अंश त्रिवेदी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम आये हुए सभी स्थितियों का विद्यालय के प्रबन्धक नीरज सिंह यादव ने आभार प्रगट किया। विद्यालय में मुख्य रूप से संस्थापक यशवंत सिंह यादव, निर्देशक पंकज सिंह यादव, प्रधानाचार्या मंजू, उप प्रधानाचार्य मातामणि शर्मा, रामराज यादव, जी एन मिश्रा, नीता सिंह, विकाश श्रीवास्तव, वी के उपाध्याय, विनोद कुमार, उर्मिला पाल, रोशनी इरशाद आलम, अतुल कुमार, पंकज शर्मा, अभिषेक वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## दहेज में एक लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारे पीटे

**मऊआइमा।** दहेज में एक लाख की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारे पीटे । विवाहिता ने पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम तिलई बाजार निवासनीय साधना जायसवाल पत्नी सूरज जायसवाल का आरोप है कि दहेज में एक लाख की मांग न पूरी होने पर उसे मारा पीटा गया। साधना जायसवाल ने मऊआइमा थाने में पति सूरज जायसवाल ,सास मीरा देवी ,जेठानी रेखा देवी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान ने अरैल पक्के घाट पर सफाई अभियान चलाया

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** रविवार को नए पक्के घाट पर कार्यक्रम अधिकारी विकास मिश्रा के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि लोग गंगा तटों पर पॉलिथीन का प्रयोग कदापि न करें, क्योंकि जलीय जीव जंतुओ को काफी नुकसान पहुंचता हैं, जिसके उत्तरदायी हम सब हैं।

स्वच्छता अभियान के माध्यम से अपील करते हुए मार्गदर्शक ऋषि दीक्षित एवम पदाधीकारी सुनील मिश्रा ने कहा कि स्वच्छता से ही मन आनंदित एवम पवित्र होता हैं, इसलिए सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। लोग



सरस्वती परिवार के स्वच्छता अभियान से जागरुक हो रहें, जिससे घाटों पर कुछ सफाई दिखने लगी है। इसी तरह सभी का सहयोग मिलता रहेगा तो चारों तरफ साफ सफाई का वातावरण बना रहेगा। कार्यक्रम में सन्तोष तिवारी, कुंवर जी तिवारी, धीरज यादव, निखिलेश पांडे, श्याम लाल यादव,सुनील कुशवाहा,महेश प्रसाद केसरवानी,आत्म प्रकाश यादव,सहदेव चौरसिया,प्रवीण तिवारी,श्याम बिहारी यादव,ज्ञान प्रकाश मिश्रा,पुष्पेंद्र कुमार दुबे,सत्य प्रकाश मिश्रा,संदीप सिंह,ऋषि दीक्षित,बब्रुवाहन सिंह,ओम प्रकाश श्रीवास्तव,तुलसी तिवारी आदि शामिल हुए।

# कोराव में राष्ट्रीय बाल दिवस मनाया गया

### पच्चीस प्रतिशत बच्चों को नहीं मिली विभाग से ड्रेस की राशि,प्रधान ने डीएम और बीएसए, एबीएसए को लिखा पत्र

अखंड भारत संदेश

**कोराब/प्रयागराज।** राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन प्रयागराज मंडल प्रयागराज के महा मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ

बच्चों ने यातायात जागरुकता, पर्यावरण व जल संरक्षण की अपील की

शहजादे सोशल एक्टिविस्ट ने राष्ट्रीय बाल दिवस के अवसर पर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुस्प अर्पित कर उनके जीवन और कर्तव्य तथा बच्चों के प्रति प्यार पर प्रकाश डाला। उनकी



स्मृति में व्याख्यान किया। ग्राम प्रधान ने कहा की इन महान देश सेवकों और महा पुरुषों की तस्वीरों से कुछ मिलता तो नहीं किंतु इन चित्रों से एक संदेश जरूर मिलता है। जिसका अनुकरण सभी संस्थाएं और आम जन करते हैं। और करना भी चाहिए। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अभिभावकों और अध्यापकों से सरकार की मंशानुसार अपने अधिकार और कर्तव्य का पालन करना चाहिए। प्रधान लीडर ने कहा कि उक्त विद्यालय के अध्यापकों की रवैया ठीक नहीं है। अध्यापकों की निरंतर अनुपस्थितियों से बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। मात्र एक शिक्छा मित्र के सहारे चल रहे उक्त विद्यालय के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम प्रयागराज सहित बीएसए प्रयागराजऔर एबीएए कोराव को द्वारा उचित माध्यम ऑनलाइन व्हाट्सप पर पत्र लिख कर कार्यवाही की मांग भी कर दी। साथ ही कुल 165 छात्रों में से 25 प्रतिशत छात्रों को उनके खातों में ड्रेस की धन राशि विभाग द्वारा न भेजे जाने के लिए असंतोष जताया और तत्काल राशि बाकी बच्चों को भेजे जाने की मांग किया।

उक्त अवसर पर प्रधान लीडर शहजादे ने बच्चों को कॉपी पेंसल रबर और बिस्किट का वितरण भी कराया। शिक्षा मित्र टीचर रामबहादुर कोल ने भी उक्त अवसर पर अपने विचार व्यक्त किए और प्रधान की सराहना किया कि इस ग्राम पंचायत में ऐसे आयोजन चाहे जिस पर्व पर हो वर्तमान ग्राम प्रधान ही आयोजित करते हैं। प्रधान न भी थे तो भी बच्चों के विद्यालय कार्यक्रमों में विदेश योगदान करते रहे। पंचायत सहायक अखिलेश सिंह पटेल,रोजगार सेवक सूर्य सिंह पटेल,प्रधान प्रतिनिधि अनस अहमद,फरहान गांधी,रसोइया तथा ग्राम के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज जंघई में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया

**जंघई।** बाल दिवस के अवसर पर आरडी मेमोरियल इंटर कॉलेज जंघई में रंगोली एवं खेलकूद प्रतियोगिता एवं आत्मनिर्भर भारत के तहत बच्चों द्वारा बाल मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने जमकर खरीदारी की और मेले का लुफ्त उठाया। बेस्ट परफारमेंस करने वाले विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रबंधक घनश्याम दुबे, प्रधानाचार्य राकेश दुबे, संतोष तिवारी, उमेश दुबे, राजेश मिश्रा, नागेंद्र प्रताप सिंह सहित समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

## बाल दिवस पर आरकेआईसी के बच्चों ने पढ़ाया जागरुकता का पाठ

**शंकरगढ़।** हमारे बच्चे अब बड़े हो रहे हैं। यहां, बड़े होने का मतलब उम्र बढ़ने से नहीं बल्कि, उनकी सजगता और जागरुकता से है। अमूमन बाल दिवस पर स्कूलों में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टाल लगाए जाते हैं या फिर प्रदर्शनी लगाई जाती है। पर, इस बार राजा कमलाकर इंटरकालेज के बच्चों ने विभिन्न गंभीर विषयों पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए, जिसके जरिए बच्चों ने लोगों से पर्यावरण, धरती और जल के संरक्षण की अपील, साथ ही इस दौरान यातायात जागरुकता का भी पाठ पढ़ाया।

## कनपटी पर पिस्टल व बिस्तर पर तमंचा महिला की फोटो सोशलमीडिया पर हुई वायरल ,हड़कम्प

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** सोशल मीडिया पर सोमवार के दिन एक महिला का विस्तर पर लेटे हुए कनपटी पर पिस्टल सटा कर व बिस्तर पर एक तमंचा नजर आता दिखता वायरल हुआ तो क्षेत्र में हड़कंप मच गया । घूरपुर पुलिस मामले को गंभीरता से लेते जांच में जुट गई। सोमवार की सुबह बिस्तर पर लेटी हुई महिला द्वारा अपने कनपटी पर पिस्टल सटा कर व बिस्तर पर ही रखा दूसरा तमंचा की फोटो सोशल मीडिया पर दौड़ती दिखाई दी । महिला की इस तरह की वायरल फोटो देख इलाके में हड़कंप मच गया । मामला घूरपुर थाना प्रभारी अश्वनी कुमार की संज्ञान में पहुंचा तो पुलिस विभाग में भी सनसनी फैल गई । थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने जानकारी लेने पर बताया कि महिला बसवार गांव की निवासिनी बताई जा रही है । जांच की जा रही है महिला को पकड़ कर सख्त कार्रवाई की जाएगी ।



## श्री कृष्ण नाम जाप से ही कट जाते हैं सभी कष्ट, आचार्य श्याम सुंदर

अखंड भारत संदेश

**घूरपुर।** क्षेत्र के तातारगंज गांव सोमवार के दिन से शुरू हुई श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिवस आचार्य श्याम सुंदर त्रिपाठी ने कहा कि मात्र श्री कृष्ण के नाम का जप अथवा सुमिरन करने मात्र से ही जीव के सभी कष्ट कट जाते हैं। आगे उन्होंने कहा कि जो नाम जाप मात्र से समस्त ताप या कष्ट को हर लेता है ,उसका नाम कृष्ण है । भगवान नाम जाप की महिमा को अनंत बताया ।भगवान नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कलियुग केवल नाम अधारा ,सुमिरि सुमुरि नर उतरहि पारा, अर्थात कलयुग में केवल भगवान का नाम जपने मात्र से व्यक्ति सभी मनोरथों की पूर्ति के साथ सांसारिक जीवन मे खुशहाल रहता है ।त्रिविध तापों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रथम अट्यात्मिक ताप यह शारीरिक दुख से भरा है ,जो वात,पित्त का संतुलन बिगड़ने से होता दे है । दूसरा मानसिक ताप ,आत्मीय स्वजनों के वियोग व दुर्जनों के संयोग से होता है ।तीसरा दुख है अधिदैविक दुख ,यह संसार के जीव मात्र को मिलने वाला दुख है ,प्रकृति जन्म दुख आधिदैविक दुख है । जैसे विगत वर्षों में मे फैले कोरोना संक्रमण व केदार नाथ की घटना जो इसी दुख में आती है।


# कार्यालय ग्राम पंचायत छीड़ी वि. ख. जसरा, प्रयागराज

## अल्पकालीन निविदा

पत्रांक: मेमो/ पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना/ निविदा/2022-23/ दिनांक : 16.08.2022

पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत निम्न लिखित निर्माण कार्यो को कराने / सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्र पंचायत जसरा में पंजीकृत ठेकेदारों / सामग्री आपूर्तिकर्ताओं से निविदाएं सीलबन्द लिफाफे में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 30-08-2022 को दोपहर 2 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्ते किसी भी समय कार्यालय में देखी जा सकती है। किसी एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अधिकारी को होगा। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 30.08.2022 को सायं 4.30 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा डाली जायेगी।

| क्र0 | कार्य का विवरण | ग्राम पंचायत | योजना/ मद | अनुमानित लागत (लाख में) | निविदा मूल्य रू. में | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अमृत सरोवर छीड़ी में बैरीकेटिंग फ्लैग प्वाइंट, आर.सी.सी. बेंच की स्थापना | छीड़ी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 499000 | 500 | 9980 | 1 माह |
| 2. | अमृत सरोवर छीड़ी में रैम्प, घाट गेट एवं एलईडी लाइट का कार्य | छीड़ी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 465000 | 500 | 9300 | 1 माह |
| 3. | सी.एस.सी. का निमार्ण कार्य | छीड़ी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 500000 | 500 | 10000 | 1 माह |
| 4. | बाबा तालाब अमृत सरोवर में ह्यूम पाइप कार्य | छीड़ी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 250000 | 500 | 5000 | 1 माह |
| 5. | कृषि यंत्र मशीन कार्य | छीड़ी | पन्द्रहवां वित्त /राज्य वित्त | 500000 | 500 | 1000 | 1 माह |

नोट-निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय छीड़ी से प्राप्त की जा सकती है एवं ग्राम पंचायत कार्यलय छीड़ी में समस्त निविदाएं भी खोली जायेगी।

सतीश गुप्ता
(ग्राम प्रधान)
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज

अमित कुमार शुक्ला
ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत छीड़ी
वि. ख. जसरा, प्रयागराज।

# पिटाई से आक्रोशित छात्र थाने पर धरने पर बैठे, छात्रों को मनाने में रो पड़े इंस्पेक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस में दो छात्रों की पिटाई के मामले में सिविल लाइंस थाने के बाहर जमकर हंगामा हुआ। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित भुक्तभोगी अर्धनग्न होकर धरने पर बैठ गए। उन्होंने पुलिस पर सांठगांठ का आरोप लगाया। उधर, पुलिस ने एक आरोपी का शांतिभंग में चालान कर दिया है। भुक्तभोगी सत्यम कुशवाहा व आदर्श भदौरिया सोमवार दोपहर 12.30 बजे के करीब सिविल लाइंस थाने पहुंचे। इसके बाद वह अर्धनग्न हो गए और थाने के बाहर धरने पर बैठ गए। सत्यम के हाथ जबकि आदर्श के सिर में चोट थी।

उन्होंने आरोप लगाया कि हत्या के प्रयास व लूट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज होने के बाद भी सिविल लाइंस पुलिस लीपापोती कर रही है। घटना में प्रयुक्त क्रेटा कार को अगले ही दिन बरामद करते हुए मालिक बेनीगंज निवासी शुभम पांडेय को हिरासत में ले लिया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि घटना में शुभम भी शामिल था। लेकिन तीन दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया कि पुलिस उसका शांतिभंग में चालान कर मामला रफा दफा करने की तैयारी में है। थाने के बाहर छात्रों के धरने पर बैठने की सूचना पर इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव पहुंचे और उन्हें हटाने की कोशिश की। लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हुए। उनके साथ कई छात्र भी थे, ऐसे में एहतियातन शाहगंज व अतरसुइया थाने की फोर्स भी बुला ली गई।

इस दौरान बड़ी संख्या में वहां अधिवक्ता भी पहुंच गए और उन्होंने भी धरने पर बैठे दोनों छात्रों को समझाया। काफी मान-मनौव्वल पर करीब एक घंटे बाद दोनों छात्रों को उठाया जा सका। इसके बाद उन्हें समझाकर भेज दिया गया। मामले में सिविल लाइंस थाने के प्रभारी एएसआई इंद्रदेव द्विवेदी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक अवकाश पर चले गए हैं। शुभम पांडेय का शांतिभंग में चालान किया गया है।



### छात्रों को मनाते फफक पड़े इंस्पेक्टर

थाने पर हंगामे के दौरान हुई एक घटना चर्चा का विषय बनी रही। दरअसल इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह यादव धरने पर बैठे दोनों छात्रों को हटाने के लिए मानमनौव्वल कर रहे थे। काफी देर बाद भी छात्र नहीं हटे तो इंस्पेक्टर भावुक होकर फफक पड़े और अपनी वर्दी उतारने लगे। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र नहीं हटते हैं तो वह खुद धरने पर बैठेंगे। इस पर वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने समझाया तब जाकर छात्र धरने खत्म करने को राजी हुए।



### छात्रों ने विरोध में निकाला शांति मार्च

साथियों के समर्थन में बड़ी संख्या में जुटे छात्रों ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ भवन से बालसन चौराहे पर स्थित गांधी प्रतिमा तक शांति मार्च निकाला। साथ ही सिविल लाइंस पुलिस पर लीपापोती का आरोप लगाकर आक्रोश भी व्यक्त किया। भुक्तभोगी सत्यम ने कहा कि न्याय मिलने तक लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान नीरज प्रताप, राहुल पटेल, शिवशंकर, मुबाशिर हारून समेत अन्य मौजूद रहे।

### यह था मामला...

11 नवंबर की रात नाजरेथ अस्पताल के पास कार सवार युवकों का स्कूटी से जा रहे सत्यम व आदर्श से विवाद हो गया था। आरोप है कि इसके बाद कार सवारों ने दोनों को जमकर पीटा था। आरोप है कि पिस्टल सटाई गई और रुपये भी लूट लिए गए। पुलिस ने इस मामले में लूट, हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था।

# डिलीवरी के बाद अस्पताल में महिला की मौत, हंगामा

**अखंड भारत संदेश**



**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में रविवार की रात पटेलनगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती महिला की मौत के बाद परिजन हंगामा करने लगे परिजनों के विरोध को देख डॉक्टर अस्पताल छोड़ भाग गए। सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम की लिए भेज दिया। महिला को दो दिन पहले हास्पिटल में ऑपरेशन से लड़की पैदा हुई थी। कोतारी गांव निवासी सर्वेश कुमार भारतीया की पत्नी साधना गर्भवती थी जिसे डिलेवरी के लिए तीन दिन पहले पटेलनगर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां साधना को ऑपरेशन से लड़की पैदा हुआ। डॉक्टरों ने जच्चा-बच्चा को सुरक्षित बताया था लेकिन रविवार की रात अचानक साधना की मौत हो गई। साधना की मौत पर परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे तो मौके से डॉक्टर फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पहुंची झूंसी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मामले में इंस्पेक्टर झूंसी वैभव सिंह पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं।

## प्रयागराज में महसूस किए गए भूकंप के झटके,दोपहर 2 : 35 बजे हिली धरती

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को दोपहर करीब ढाई बजे प्रयागराज में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसका केंद्र मध्य प्रदेश का सिंगरौली रहा। कई दिनों से देश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। अमृतसर के बाद प्रयागराज और सिंगरौली में भूकंप के झटके महसूस किए जा चुके हैं। सोमवार को दोपहर दो बजकर 35 मिनट पर मध्यप्रदेश के सिंगरौली में भूकंप के झटके लगे।इसकी तीव्रता 3.2 रही। इसी दौरान प्रयागराज में भूकंप के झटके महसूस किए गए। देर शाम राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इसकी जानकारी दी। भूकंप प्रयागराज से 132 किलोमीटर दक्षिण पूर्व में सिंगरौली में दर्ज किया गया। भूकंप का असर 10 किलोमीटर की गहराई तक मापा गया।

# साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया भंडाफोड़ , 6 गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में पुलिस ने 6 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। वे भोले भाले लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करते थे। पकड़े गए सभी आरोपी झारखण्ड के रहने वाले हैं। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडेय ने सोमवार को अपराह्न पत्रकारों को बताया कि इस गिरोह का सरगना विकास दास पुत्र बंधन दास निवासी पचपडगंज, झारखंड है। उसने पूछताछ में बताया कि सीताराम मंडल निवासी गिरिडीह झारखण्ड अपने जिले के लड़कों को काम देने के नाम पर प्रयागराज लाता था। किराए पर रूम दिलवाता और उनके आधार कार्ड में पता बदलवाकर उनके विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाता था। अभियुक्त विकास दास व अभियुक्त करण कुमार मंडल द्वारा भी अन्य सहयोगी अभियुक्तों के ऑनलाइन खाते भी खोले गए।



### खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार का पुरस्कार

एसएसपी शैलेश पांडे ने साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करने वाले निरीक्षक अमरनाथ राय, उपनिरीक्षक राम बहादुर साहनी, उपनिरीक्षक विनोद यादव, कॉन्स्टेबल ए जयप्रकाश सिंह, कांस्टेबल सनोज यादव, आशीष शर्मा, सचिन यादव, आशीष यादव, अमित कुमार , पंकज कुमार को 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार घोषित किया है।

### दूसरों के खातों में मंगवाते थे साइबर ठगी का पैसा

एसएसपी ने बताया कि वांछित अभियुक्त सीतारा मंडल, माण्ट्र मंडल, पवन मंडल निवासी गिरिडीह झारखण्ड इतने शातिर हैं कि साइबर ठगी का पैसा आधार कार्ड में पता बदलकर खुलवाए गए खातों में मंगवाते थे, ताकि पुलिस की पकड़ में न आएं। इन पैसों को विकास दास एटीएम कार्ड से निकाल लेता ।

अभियुक्तों के बैंक खातों की जांच की गयी तो पता चला कि विभिन्न राज्यों के कई लोगों से साइबर फ्राड कर पैसा मंगाया गया है। अधिकांश लोगों ने अपने साथ हुई साइबर ठगी की शिकायत भी दर्ज करायी है। इन खातों बनारस के रहने वाले सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के साथ हुई साइबर ठगी के 102989 रुपये भी आए हैं। इस ठगी को लेकर मडुवाडीह में रिपोर्ट भी दर्ज है।

प्रयागराज पुलिस से जनसेवा केंद्र संचालक ने अपना खाता सीज करने की शिकायत की। जब वो बैंक पहुंचा तो पता चला कि उसका खाता तिरुअनंतपुरम में पुलिस ने सीज किया है। इसके बाद वह पुलिस के पास पहुंचा और अपना खाता खुलवाने की अपील की। पुलिस ने तिरुअनंतपुरम संपर्क किया तो पता चला कि उसके जनसेवा केंद्र के खाते में साइबर ठगी के रुपये मंगाए गए थे।

पुलिस को तब पुलिस को जनसेवा केंद्र संचालक ने बताया कि कुछ युवक उसके पास आए थे और इमरजेंसी में रुपये मंगाने की बात कर रहे थे। उन्होंने 10 परसेंट कमीशन भी देने की बात कही थी। इसी लालच में उसने रुपये मंगाए थे। यहीं से इस मामले की जांच पुलिस ने शुरू की तो धीरे-धीरे कड़ी से कड़ी जुड़ती गई और मामला खुल गया।

### ये हुए गिरफ्तार

विकास दास पुत्र बंधनदास निवासी गिरीडीह झारखंड।राकेश कुमार मंडल पुत्र हुरो मंडल निवासी गिरीडीह, झारखंड।मनीष कुमार मंडल पुत्र महेंद्र मंडल, निवासी गिरिडीह झारखंड।संतोष कुमार राय पुत्र जागेश्वर राय निवासी गिरिडीह झारखंड।गोविंद मंडल पुत्र पोखन मंडल, निवासी गिरिडीह झांरखंड।करण कुमार मंडल पुत्र तेजेलाल निवासी गिरीडीह झारखंड।सभी वर्तमान में प्रयागराज के कर्नलगंज थानाक्षेत्र के छोटा बघाड़ा में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। इनपर प्रयागराज के कर्नलगंज थानाक्षेत्र में दो मुकदमें दर्ज हैं।

## सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में रंगोली बनाकर मनाया बाल दिवस

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा रोड।** सोमवार को मेजारोड के सेंट पीटर्स को एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजा रोड मे बाल दिवस मनाया गया । पंडित नेहरू की जयंती पर बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। यह भारत के पहले प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन पर हर साल 14 नवंबर को मनाया जाता है, जो बच्चों को प्यार करते थे। इस दिन पूरे भारत में बच्चों के लिए कई शैक्षिक और प्रेरक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। बाल दिवस के अवसर पर सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल जनवार मेजरोड, प्रयागराज में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. यह प्रतियोगिता बाल दिवस की थीम पर आधारित थी। प्रतियोगिता में सन हाउस, मार्स हाउस, अर्थ हाउस और मून हाउस ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अंकिता खेरा ने रंगोली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जीवन रंगोली के रंगों की तरह रंगीन हो. रंगोली एक घर की खुशी, सकारात्मकता और आजीविका का प्रतिनिधित्व करती है, और इसका उद्देश्य धन और सौभाग्य की देवी का स्वागत करना है। इस मौके पर प्रबंधक अभिषेक खेरा संगीता सिंह जगदीश सिंह रूबी पांडे सेजल शर्मा और समस्त स्टाफ मौजूद रहे ।



## बाल दिवस के अवसर पर जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ बाल मेला

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** जीवन ज्योति के प्रांगण में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बाल मेले का आयोजन किया गया । जिसका प्रारंभ प्रातः प्रार्थना सभा में प्राचार्या श्रीमती अंकिता मिश्रा द्वारा पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाल मेला का शुभारंभ किया गया । बाल मेले में तरह - तरह के दुकानें ( मुरमुरा , फुल्की , पॉपकॉर्न , आलू दम , चाउमीन ) एवम मनोरंजक खेलों ( रिंग खेल , ताला चाबी ) का आयोजन शिक्षकों एवं बच्चों के द्वारा किया गया । मेले में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी सम्मिलित होकर मेले का आनंद उठाया । अंत में कार्यक्रम का समापन विद्यालय के संरक्षक डॉक्टर के के शुक्ला द्वारा सबका आभार व्यक्त कर , सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।

# हाईस्कूल परीक्षा में अव्वल पत्रकार की बेटी सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**मांडा।** क्षेत्र के वशिष्ठ सेवा संघ इंटर कॉलेज में सोमवार को संस्थापक दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने हाईस्कूल अंक सुधार परीक्षा में शामिल होकर 87.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पत्रकार की बेटी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कोविड के चलते यूपी बोर्ड ने सभी छात्रों को अगले कक्षा में प्रमोट करने का निर्णय लिया और एक गाइडलान जारी कर सभी छात्रों को पूर्व परीक्षा के आधार पर अंक प्रदान कर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया। प्राप्त अंक को लेकर कुछ मेधावी छात्र विरोध करने लगे। परिणाम घोषित होने पर तेजतर्रार छात्रों में असंतोष व्याप्त हो गया। क्योकि तेजतर्रार छात्रों का परीक्षा प्राप्तांक कम रहा जबकि पढ़ने में फिसड्डी रहे छात्रों का परीक्षा परिणाम अंक अधिक रहा। विरोध पर यूपी बोर्ड ने पुनः अंक सुधार परीक्षा का आयोजन किया। जिसपर महेवा कलां गांव निवासी पत्रकार संदीप मिश्र की बेटी मानसी मिश्र ने वर्ष 2021 यूपी बोर्ड हाईस्कूल अंक सुधार परीक्षा में शामिल हुई। अंक सुधार परीक्षा में मानसी मिश्रा ने 87.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया। जिसपर अन्न पूर्णा कुंवर कृपा देवी लीलावती बालिका कॉलेज के प्रबंधक शरद कुमार सिन्हा ने छात्रा मानसी मिश्रा को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करने की घोषणा की। इसी कड़ी में सोमवार को बालिका कॉलेज की मुख्य शाखा वशिष्ठ सेवा इंटर कॉलेज महेवा कलाँ का 70 वां संस्थापक दिवस धुमाधम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे मांडा ब्लॉक प्रमुख धनवंत उर्फ रिशू सिंह व कॉलेज प्रबंधक शरद कुमार सिन्हा ने मेधावी छात्रा मानसी मिश्रा को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य एमपी सिंह, ब्रिज विलास यादव, सुधीर श्रीवास्तव, शिशिर श्रीवास्तव, हरिशंकर श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव आदि रहे।



## श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ की कथा बुधवार से

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** क्षेत्र के देवनहरी गांव स्थित मुख्य यजमान इंजीनियर हरि प्रसाद शुक्ला एवं श्रीमती चंद्रकला शुक्ला के संयोजन में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ की कथा बुधवार से कथावाचक पंडित श्री धर्मेन्द्र उपाध्याय शास्त्री जी के मुखारविंद से श्रवण कराया जाएगा। कथा 16 नवम्बर बुधवार से 22 नवम्बर मंगलवार तक चलकर 23 नवंबर को हवन यज्ञ के पश्चात गयाजी का महाप्रसाद एवं भण्डारे का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी आयोजक इंजीनियर आनन्द कुमार शुक्ला व आशुतोष शुक्ला ने दिया।

## माँ बेटे को पीट कर किया लहूलहान

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के क्षेत्र में सोमवार कि सुबह महिलाओं महिलाओं में शुरू हुआ विवाद इस कदर बड़ा कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे जिसने मां बेटे को गंभीर चोट आई सभी घायलों एम्बुलेंश से अस्पताल भेजा गया।

छतनाग निवासी राकेश कुमार निषाद का पड़ोसी से काफी दिनों से विवाद चल रहा है। सोमवार की सुबह राकेश निषाद की पत्नी लालती देवी से पड़ोसी महिला से तूतू मैं मै होने लगा माला मारपीट तक पहुँच गया। दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। जिसमे लालती देवी के सर में व उसके बेटे बेटे सतीस, बेटी संजना को छोटे आई। सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल भिजवाया।

# कांग्रेसियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू की मनाई 133 वीं जयंती

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** ब्लॉक कॉंग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कॉंग्रेस कार्यालय पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पण्डित जवाहरलाल नेहरू जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए133 वीं जयन्ती जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह की अध्यक्षता में मनाई गयी। इस आयोजित कार्यक्रम में जिला कॉंग्रेस कमेटी यमुनापार प्रयागराज के जिला उपाध्यक्ष व प्रभारी संगठन विवेक पाण्डेय ने अपने वक्तव्य में कहा कि देश की आजादी के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी को जितनी बार भी याद किया जाएगा वह निरन्तर कम ही रहेगा, पण्डित जी ने प्रधानमंत्री के कार्यकाल को एक बहुत ही सुद्दढ तरह से चलाकर देश को अच्छे पायदान पर लाकर खड़ा किया है वह प्रशंशा के काबिल है और पंडित जी को देश के बच्चों से बहुत ही लगाव था इसलिए पंडित जी जन्मदिन को हम सब लोग मिलकर बालदिवस के रूप में मनाते है और सबसे अहम बात यह है कि पंडित जी ने देश के अंदर शिक्षा के अलख को जगाने के साथ शिक्षा को जन जन तक पहुँचाकर देश के बच्चों को शिक्षित बनाने का सुगम अवसर दिया था।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष रंगराज सिंह जी ने कहा कि पँडित जी ने देश के अंदर हर वर्ग के लोंगो को बराबरी का सम्मान दिया था जिनके आर्दश की पहल पर आज भी लोग चल रहे है। उक्त कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महासचिव डॉ दिनेश सोनी कहा कि देश के अंदर बच्चों के द्वारा पण्डित जवाहरलाल नेहरू को चाचा नेहरू जी की उपाधी से याद करते हुए उनके जन्मदिन को बड़े ही आदर्श दिन के रूप में मनाते है। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाण्डेय, प्रणय रंजन भट्टाचार्य,नारायण दुबे,रवि पाण्डेय, नागेश पाण्डेय, रविराज सिंह एडवोकेट,आशीष मिश्रा,हैदर अली,अकबाल बहादुर कुशवाहा ,सुरेश पटेल,लालचंद यादव, श्रीमती सरोज मिश्रा, श्रीमती रेनू ओझा, सहित आदि कॉंग्रेस जन उपस्थित रहे हैं।

# बाल दिवस पर विशाल संकल्प संस्था ने गरीब बच्चों को वितरित किए खिलौने

### 14 नवम्बर बाल दिवस के दिन,खिलौना उत्सव मनाकर टॉय बैंक का उद्घाटन किया गया

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सोमवार को विशाल संकल्प संस्था के तत्वाधान में बाल दिवस के उपलक्ष में गरीब बच्चों को खिलौने बांटे गए । संस्था का मुख्य उद्देश्य हर गरीब बच्चे के चेहरे पर मुस्कान के साथ हर बच्चा शिक्षित बने इसी पहल के साथ गरीब व मलिन बस्तियों में जाकर संस्था ने बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए बच्चों को खिलौने दिए । बता दें कि एक मासूम बच्चे के लिये पूरी दुनियां की सबसे प्रिय चीजों में से एक खिलौना ही होता है जो पानी के बाद चेहरे खिल उठते हैं ।ये वही बच्चें है,जो कूड़ेदान के ढेर से टूटे हुये खिलौने में खुश होकर, जिम्मेदारियों का बोझ उठाते बचपन मे ही बड़े हो जाते है।

हक तो इनको भी है,एक स्वस्थ बचपन जीने का।बस इन्ही संकल्पों के साथ डॉ अंजलि केसरी ने प्रयागराज में खिलौना बैंक की स्थापना की।ये एक सांकेतिक बैंक है जिसमे खिलौनों के साथ बच्चों से जुड़े सभी सामान जमा किये जायेगें और पढ़ाई के साथ समय समय पर इनका वितरण होगा। तथा वरिष्ठ समाजसेवी डॉ बी के कश्यप ने कहा बच्चों के लिये खिलौना सिर्फ खिलौना नही,उनकी दुनिया की खुशियों की चाभी होती है। वही कार्यक्रम में मौजूद पी के पांडेय ने कहा ये प्रयागराज की पहली अनोखी पहल है जो बचपन बचाओ का हिस्सा है। बचपन,बहुत खूबसूरत अहसास है इसे जीने का सबको हक है।संस्था ने बोट क्लब के पास बस्ती के अंदर ही ये बैंक खोला । कार्यक्रम में अवधेश निषाद,रिशा चंद्रा,अभिलाष केसरवानी,राजुल शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहें ।



# प्राइवेट बस में फंदे से लटकती मिली परिचालक की लाश

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, परानीपुर से जिला मुख्यालय का था रूट

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रविवार की रात प्राइवेट परिचालक ने बस में लगी रॉड से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। सुबह घटना की जानकारी होने पर चालक ने ग्रामीणों के साथ ही पुलिस को घटना की सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।उधर घटना को लेकर परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है।वही लोगो के बीच तरह-तरह की चचाएं होती रही।

उदयपुर थाना क्षेत्र के परनीपुर से जिला मुख्यालय को प्रतिदिन एक प्राइवेट बस सवारियों को लेकर आती-जाती है।रात में परानीपुर बाजार में ही रुक कर रात बिताते थे। बस परिचालक उमाशंकर यादव उर्फ पप्पू (30) पुत्र स्व श्रीराम निवासी अंतू गड़वारा व बस चालक मोहम्मद समीर एक साथ खा-पीकर रात बिताने के बाद सुबह सांगीपुर होते हुए प्रतापगढ़ चले जाते थे और शाम को उधर से आकर परानीपुर में रात्रि विश्राम करते थे। रविवार की रात दोनो खा-पीकर सो गए। सुबह चालक ने देखा की उमाशंकर का शव बस में लगी रॉड से लटक रहा था।यह देखकर वह सन्न रह गया। चालक ने घटना की जानकारी ग्रामीणों के साथ ही पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। घर वालों के आने के बाद पुलिस ने शव को नीचे उतरवा कर पीएम के लिए भेज दिया। उधर घटना को लेकर तरह-तरह की चचाएं होती रही। वहीं पुलिस की पूछताछ में ग्रामीणों ने उसे सरल स्वभाव का बताया। परिचालक के आत्महत्या करने की वजह लोगों के गले नहीं उतरती दिखी। वहीं पुलिस मामला संदिग्ध देखते हुए चालक को साथ लेकर चली गई। इस बाबत पुलिस का कहना है की पीएम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। वही मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी देखे गए। परिजनों ने हत्या कर शव को लटकाने की बात करते रहे।

## सड़क दुर्घटना में दो सगे भाईयों की मौत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कोंहडौर थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल से ट्रेन पकड़ने जा रहे सड़क दुर्घटना में दो सगे भाईयों की दुखद मौत हो गई। बताया जाता है कि करिस्ता गांव के राजेष प्रयागराज में पढ़ता था। वह अपने भाई के साथ मोटरसाइकिल से ट्रेन पकड़ने के लिये घर से रेलवे स्टेषन जा रहा था। इतने में एक रफ्तार ट्रक ने आई उसे रौंद दिया जिससे दोनों नवयुवकों की दुखद मौत हो गई। घटना करने वाला ट्रक डाईवर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। क्षेत्रीय लोगों में रोष है तथा मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

# प्रमोद व मोना ने पं. नेहरू को बताया राष्ट्रीय प्रगति का दिशाबोधक

## कार्यकताओं ने विधायक के कैम्प कार्यालय पर अर्पित की पुष्पांजलि

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर सोमवार को प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं रामपुर खास के दौरे पर पहुंचे राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू को देश की प्रगति का दिशाबोधक कहा है।

सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि पं. जवाहर लाल नेहरू ने पंचशील, गुट निरपेक्ष व राष्ट्रीय विकास से जुडी प्रगति का जो मजबूत ढांचा देश को सौपा उसे आज की मौजूदा मोदी सरकार तहस नहस करने मे जुटी है। वहीं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पं. नेहरू ने युवा भारत के निर्माण के लिए देश को कृषि तथा विज्ञान एवं तकनीकी व रक्षा क्षेत्र में सुदृढ़ भविष्य सौंपा था। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि पं. नेहरू ने आधुनिक भारत के निर्माण के स्वप्नद्दष्टा के रूप में देश की बहुमुखी मजबूती के लिए सदैव अविस्मरणीय रहेंगे। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, ददन सिंह, सुधाकर पाण्डेय, रामबोध शुक्ल, भुवनेश्वर शुक्ल, लालजी यादव, महादेव मिश्र आदि रहे।

## तिलक कालेज के प्रवक्ता श्याम शंकर बने प्रधानाचार्य

अखंड भारत संदेश



श्याम शंकर उपाध्याय।

**प्रतापगढ़।** लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता डॉ श्याम शंकर उपाध्याय का चयन उत्तर प्रदेष माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड से प्रधानाचार्य पद पर हुआ है। राजर्षि टंडन इंटर कॉलेज, रामनगर अठगवां में प्रधानाचार्य पद पर चयन होने से तिलक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी व शिक्षकों में खुशी की लहर है। डॉ उपाध्याय के पिता पंडित हरि शंकर उपाध्याय गजाधर इंटर कॉलेज में प्रवक्ता पद से सेवानिवृत्त है एवम माता कुसुम कुमारी उपाध्याय जूनियर हाईस्कूल में अध्यापिका थीं। भाई रवि शंकर उपाध्याय जूनियर हाईस्कूल में विज्ञान अध्यापक हैं।

## मनराजी मुन्नराम महाविद्यालय में वितरित किया गया स्मार्टफोन

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह का विभिन्न स्थानों में क्षेत्र भ्रमण हुआ उक्त कार्यक्रम के परिपेक्ष में बंधवा बाजार स्थित ग्राम मझौली में मेधावी छात्र छात्राओ को मोबाइल वितरित किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजनाएं समाज के सभी विभिन्न वर्गों के लिए उपयोगी साबित हो रही हैं तकनीकी शिक्षा के लिए स्मार्टफोन मेधावी उनके लिए संजीवनी की तरह है।

विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार यादव उर्फ गुड्डू यादव ने कहा कि शिक्षा को सर्वोच्च ऊंचाई तक तथा समय के साथ इसे आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

विद्यालय के प्राचार्य आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकोला मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम विरोधी के आदर्श प्रधान राम आसरे शुक्ला ने किया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान वीरेंद्र सिंह सलाहपुर के प्रधान अमित सिंह दादा नगर पंचायत पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राम चरित्र वर्मा रामकोला मंडल उपाध्यक्ष राजू तिवारी, सनी जयसवाल एडवोकेट विपिन सिंह बंटी सिंह प्रेम नाथ शर्मा शशिकांत पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## घर के दरवाजे पर पड़ी मुंज को फेंक कर किया मारपीट

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के कालाकांकर मल्लाही टोला में सोमवार की सुबह रेखा पत्नी शिव कुश मल्लाह के घर के दरवाजे पर मुंज फैला रही थी कि उसी समय गाँव के अनूप मल्लाह पुत्र काली प्रसाद व पत्नी ने मुंज को उठाकर फेक दिया और मारा पीटा मारपीट की शोर सुनकर जब रमेश बचाने दौड़े तो उनको भी मारपीटकर घायल कर दिया। ग्रामीणों के दौड़ने पर जान बच गई और सभी भाग गए। घटना की तहरीर पुलिस को दी हल्का के सिपाही तहरीर लेकर जांच पड़ताल करने मौके पर पहुँचे।

## खेलकूद प्रतियोगिताओं में वसूली की शिकायत मिली तो खैर नहीं: बीएसए

अखंड भारत संदेश

**लालगंज प्रतापगढ़।** खेल-कूद प्रतियोगिताओं के आयोजन में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों से आयोजन के नाम पर धन उगाही की शिकायतों पर बीएसए ने गंभीर रूख अपनाया है। उन्होनें लालगंज के खण्ड शिक्षा अधिकारी को परिषदीय खेलकूद आयोजन को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जाने को कहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने जनपद के विभिन्न विकास खंडों से न्याय पंचायत व ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजन के लिए शिक्षकों से वसूली पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीएसए ने कहा है कि क्रीड़ा प्रतियोगिता के नाम पर शिक्षकों से वसूली हुई तो जांच कराकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बीएसए के निर्देश के तहत सोमवार को यहां लालगंज खंड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव ने जारी अपने निर्देश में शिक्षकों से खेलकूद प्रतियोगिता के नाम पर किसी को भी चंदा न दिए जाने को कहा है।उन्होंने कहा है कि किसी द्वारा यदि धनराशि ली गयी है तो उसे सम्बंधित शिक्षक को तत्काल वापस करें। बीएसए के निर्देश पर विकास खंडों में खलबली का माहौल देखा गया।

# हैप्पी टाइम स्कूल में लगे आई कैम्प में 25 बच्चों को लगा चश्मा

## ज्यादा मोबाइल देखने वाले बच्चों की आंखों होती है कमजोर, बाल मेले में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मचाया धमाल



हैप्पी टाइम स्कूल में बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते कोचिंग संचालक सलाउद्दीन।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित हैप्पी टाइम प्ले वे स्कूल में बाल दिवस पर एसबीआई (लाइफ) मीरा भवन शाखा की ओर से आयोजित आई कैम्प में स्कूल के बच्चों की आंखों का निःशुल्क टेस्ट किया गया।

ज्यादातर छोटे बच्चों की आंखें तो ठीक थी लेकिन 25 बच्चों की आंखें कमजोर पाई गई।

आंखों का टेस्ट कर रहे आई स्पेष्लिस्ट डा0 यू0बी0 सिंह ने बच्चों के अभिभावकों को सलाह दी कि वह बच्चों को मोबाइल न दें। ज्यादा मोबाइल देखने से बच्चों की आंखें कमजोर हो जाती हैं। 25 बच्चों को चष्मा लगाने की भी सलाह चिकित्सक ने दी। स्कूल के हाल में बच्चों की आंख का निःषुल्क परीक्षण किया जा रहा था और स्कूल के मैदान में बच्चों ने एक दर्जन से अधिक स्टालों पर फुल्की, चाट, चाउमिन, मोमोज, इडली की बिक्री भी की। पूरे स्कूल परिसर को गुब्बारों से सजाया गया था। प्रारंभ में चैलेंजर कोचिंग के संचालक सलाउद्दीन ने बाल मेल का फीता काटकर उद्घाटन किया और पं0 नेहरु का रुप धारण करने वाले छात्र अष्वनी पाल को माल्यार्पण किया। इस मौके पर एसबीआई लाइफ के शाखा प्रबंधक अनूप कुमार पाण्डेय, एटीएम प्रभारी विनोद द्विवेदी, जेओटीसी लाइफ मित्र सन्तो बेगम ने भी बच्चों के उत्साह की सराहना किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक शैलेन्द्र मिश्र ने एसबीआई लाइफ के अधिकारियों, अभिभावकों के प्रति आभार जताया। बाल मेले में आई कैम्प की व्यवस्था में कंचन मिश्रा, प्रियांशी पाण्डेय, उमेष श्रीवास्तव, हेमा, सृष्टि, रौनक, हसन, सीमा, कंचल लता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## जेएमजी स्कूल में बाल दिवस के रूप में मना नेहरु का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश



जेएमजी स्कूल कालाकांकर में बाल मेले में मौजूद बच्चे।

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के जेएमजी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कालाकांकर में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ बच्चो व शिक्षको ने मनाया जिसमे स्कूल परिसर में मेले का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन स्कूल के प्रेजिडेंट वी एन शुक्ल एवं धर्म पत्नी श्यामा शुक्ला ने फीता काटकर किया। प्रधानाचार्य मुनीश शर्मा व उप प्रधानाचार्य अंकित शुक्ला, प्रदीप पांडे, आशीष तिवारी, पंकज मिश्र, मदर टच विंग की हेड मिस्ट्रेस श्रीमती रेखा शर्मा, वरिष्ठ शिक्षिका पूनम यादव ने बच्चो का उत्साह बर्धन किया। इसी क्रम में शत्रुघ्न प्रसाद मौर्य स्मारक जूनियर हाईस्कूल पूरे धनऊ परियावां में बच्चो ने जवाहरलाल नेहरु का जन्म बाल दिवस के रूप में केक काटकर धूम धाम के साथ मनाया। मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम प्रधान अनिल मौर्य रहे। इसी क्रम में जनता इंटर कालेज आलापुर में पण्डित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस को बच्चो ने बाल दिवस के रूप में मनाया बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया इस मौके पर अरुणकुमार सिंह, विनोद कुमार द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## बाल मेले से बच्चों का बढ़ता है मनोबल: डीआईओएस

अखंड भारत संदेश



प्रभात एकेडमी में लगी प्रदर्शनी को देखे डीआईओएस सर्वदानंद।

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र के अष्टभुजा नगर स्थित प्रभात एकेडमी विद्यालय में सोमवार को बाल मेले का आयोजन विद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर प्रभात शर्मा के निर्देश पर आयोजित किया गया। आयोजित बाल मेले का उद्घाटन डीआईओएस सर्वदानंद ने फीता काटकर किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक डॉ प्रभात शर्मा ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनकी भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करता है। इस मौके पर डीआईओएस सर्वदानंद ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे अपना जीवन स्तर सुधार सकेंगे। बच्चों द्वारा लगाए गए मेले में विभिन्न व्यंजनों के स्टालों पर बच्चों का जमावड़ा लगा रहा। उक्त बाल मेले में विद्यालय के छात्र-छात्राओं में हिमांशी, आर्या, वैभव, प्रफुल्ल, अंकुश, श्रेया, तान्या,आयुष, अवनीश, दीपक, मोहम्मद नाजिश,स्वप्निल, अफनान आदि ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं में प्रमुख रूप से किरन त्रिपाठी, अमरजीत सिंह, पूजा सिंह,शिरी सिद्दीकी, श्रेया, रितेश तिवारी, यूएस मिश्रा,अंकिता, आकांक्षा, सारा, अंजू शुक्ला सहित आदि रही।

## जरूरतमंदों के लिए बैंक ने खोल दी तिजोरी

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुफलिसी में जी रहे बच्चों और छात्रों को मेले का आनंद मिल सके इसके लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी ने बाल दिवस के दिन निशुल्क मेले का आयोजन कर एक अनूठी मिसाल पेश की है। ग्रुप के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित मेले में आने वाले बच्चों के लिए खाने, पीने के साथ साथ पेन बैंक से स्टेनरी फ्री थी। मेले में आने वाले खर्च का वहन बच्चा बैंक ने किया। डीजे फ्लोर पर बच्चों ने डांस भी किया। मेले में चाउमीन, पास्ता, इडली, चाकलेट, पाव भाजी, फुल्की, टिकिया, जादुई पानी के स्टाल पर जाकर बच्चों की भीड़ उमड़ी रही। मेले का उद्घाटन समाजसेवी अश्वनी केसरवानी और शरद केसरवानी ने किया। संचालन कमलेश अग्रवाल जय दुर्गा ने किया। आभार सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज ने ज्ञापित किया। मेले में साहिल, राहुल, दीपू, दामिनी, नैंसी, अंशू,रागिनी, हिमांशु समेत कई छात्र छात्राओं ने सहयोग किया।



पंडित जवाहर लाल नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण करते प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र।

## एमडीपीजी कालेज में बाल दिवस पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** मुनीश्वर दत्त उपाध्याय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा (बी.एड.) विभाग द्वारा आज बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मनोज मिश्र ने भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के बच्चों के प्रति प्रेम और लगाव को बताते हुए कहा कि बालक इस देश और राष्ट्र निर्माण में अपनी महती भूमिका रखते हैं। इस कार्यक्रम में बी. एड. के छात्राध्यापक व छात्राध्यापिकाओं ने अपनी विविध प्रस्तुतियां दी, जिसमें सुप्रिया पांडे, अदिति मिश्रा, संतोष पटेल, सुनील वर्मा, संजय वर्मा, संध्या सिंह, देवेंद्र मणि पांडेय, प्रज्ञा पांडेय, अंकित, शिखा पांडेय, अमित कुमार चैरसिया एवं शांभवी सिंह आदि प्रमुख रहे। मंच का संचालन वंदना दूबे एवम् निधि त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में जंतु विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष एवम् एन. एस.एस. की महिला इकाई की कार्यक्रमाधिकारी प्रो. अमिता मिश्रा एवम् बी. एड. विभाग की प्रो. गीता शुक्ला, प्रो.उषा दूबे, डॉ सी एन पांडेय, डॉ अरविंद कुमार मौर्या उपस्थित रहे। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शैलेश कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

## बाल दिवस पर रिवरडेल स्कूल में बच्चों ने मचाई धूम

अखंड भारत संदेश



रिवरडेल स्कूल में लगे बाल मेले का लुत्फ उठाते अभिभावक व बच्चे।

**प्रतापगढ़।** शहर के नया माल गोदाम रोड स्थित रिवरडेल स्कूल में बाल दिवस का धूमधाम से आयोजन किया गया। बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन प्रबंधक मो0 इमरान खान ने किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के विकास के लिए विद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उनकी भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास करता है। इस दौरान पूरे स्कूल परिसर को गुब्बारों से सजाया गया था। स्कूल के मैदान में बच्चों ने एक दर्जन से अधिक स्टालों पर फुल्की, चाट, चाउमिन, इडली, ढोखला की दुकानें लगाई थी, जिसका बच्चों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान बच्चों ने बाल दिवस पर दिन भर स्कूल परिसर में धूम मचाई। अंत में प्रबंधक मो0 इमरान खान व प्रबंधिका सादिया खान ने आए हुए सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान प्रधानाचार्या सुधा पाण्डेय, शिक्षकगण मारुत राय, करन शर्मा, अभिषेक पाण्डेय, अनवर हुसैन खां, श्रीराम शर्मा, पूनम सिंह, सानिया, सनोबर, अलीषा, तैयबा, सबीहा, महिमा, उषरा, शालू, सम्बुल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## न्यू एंजिल्स से बाल दिवस पर लगा बड़ा मेला, बच्चों ने खूब उठाया मेले का लुत्फ

अखंड भारत संदेश



न्यू एंजिल्स में बाल मेले का फीता काटकर उद्घाटन करते डा0 दयाराम मौर्य।

**प्रतापगढ़।** न्यू एन्जिल्स सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में बाल मेला का आयोजन के द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहरलाल नेहरू का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल मेला में अध्यापक/अध्यापिकाओं और छात्र/छात्राओं ने मिलकर भिन्न भिन्न प्रकार के व्यंजनो की दुकाने. लगाई एवं पूरे मनोयोग से उसे सजाया भी।

इस दौरान डॉ दया राम मौर्य रत्न ने फीता काटा और विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार सोनी, कु एफ जीनत मैनेजर एच.आर एवं अन्य अतिथियों डॉ श्रद्धा सिंह, आनन्द मोहन ओझा, अंजनी सिंह, डॉ शिवानी मातनहेलिया, शैलेन्द्र मिश्र आदि के साथ विद्यालय प्रांगण में माँ सरस्वती का माल्यार्पण किया, फिर गुब्बारे हवा में उड़ाकर बाल मेले का विधिवत उदघाटन किया। छोटे बच्चे अपनी मम्मी से जम्पिंग मैट पर झूलने के लिये जिद कर रहे थे कुछ तो बैलून में ही मस्त थे तभी मेरे कान में एक आवाज आई आलू की टिक्की बड़ी मस्त है। उसके बाद विद्यालय के समाचार विभाग ने मेला समाप्ति की घोषणा कर दी। विद्यालय के अनुशासन विभाग की व्यवस्था भी चुस्त और दुरुस्त रही। सबने बाल दिवस के अवसर पर मेले का आनन्द उठाया। अभिभावकों के अतिरिक्त एच.डी एफ.सी. बैंक, यूनियन बैंक आदि से भी काफी लोगों ने मेले का लुत्फ उठाया। विक्रम, सिंह, रोहित सोनी, ओसामा, आदि कुछ पुरातन छात्र भी मेले में आए। अन्त में प्रबन्धक डॉ शाहिदा ने सभी अध्यापक/अध्यापिकाओं ओर छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

# पुलिस की पहली प्राथमिकता है अपराधियों की नकेल कसनाः एसपी

## नवागत पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संगठित अपराध अवैध शराब और अवैध खनन पर कार्य योजना बनाकर विशेष अभियान चलाकर की जाएगी कठोर कार्यवाही

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस महकमे की बागडोर शासन ने पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को सौंपी है पूर्व पुलिस अधीक्षक के स्थानांतरण के बाद पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है कार्यभार ग्रहण करने के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक वार्ता में उन्होंने कहा कि अपराधियों की नकेल कसना पुलिस की पहली प्राथमिकता है उन्होंने कहा कि जो अपराधी हैं उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी जिले में अवैध शराब खनन और संगठित अपराध के बारे में नवागत पुलिस अधीक्षक ने कहा कि कार्य योजना बनाकर विशेष


वार्ता करते पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव व साथ में मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक

अभियान चलाकर अवैध शराब खनन और संगठित अपराध पर कठोर कार्यवाही कर माफियाओं की रीढ़ तोड़ दी जाएगी उन्होंने कहा कि पूर्व में दर्ज हुए हत्या लूट और गंभीर अपराध की विवेचना पारदर्शिता पूर्ण निस्तारित कराएंगे और अपराधियों पर विशेष निगाह रखेंगे।

नवागत एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि अपराधो पर अंकुश लगाना नही अपराध समाप्त करना प्राथमिकता होगी,उन्होंने कहा शासन की मंशा है कि फरियादियों की समस्या का थाना स्तर पर ही निस्तारण कराया जाय, जिससे कि फरियादियों को मुख्यालय तक आना न पड़े।नवागत एसपी ने कहा कि महिला संबंधी अपराधो,लैंगिक अपराधो पर अंकुश लगाने सहित पूर्व में दर्ज ऐसे संगीन मामलो में अपराधियों को सजा दिलाई जाएगी।उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन,अवैध वसूली ओवरलोडिंग आदि पर अंकुश लगाया जाएगा।

एसपी ने कहा कि हाइवे पर अपराध अधिक होते है,विशेष कार्य योजना बनाकर अपराधो को बंद कराने का प्रयास किया जाएगा,उन्होंने कहा कि कौशाम्बी के अधिकारियों की टीम सशक्त है,उन्होंने कहा कि पुराने गैंगस्टर के अपराधियों पर 14अ की कार्यवाई कराई जाएगी।उन्होंने कहा कि पेंडिंग पड़े मामलो में विवेचना का पर्यवेक्षण कराया जाएगा।वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र कराया जाएगा जिससे अभियोजन में मदद मिलेगी।एसपी ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण और बिक्री,ड्रग्स आदि पर पूर्ण अंकुश लगाने की कार्यवाई की जायेगी।उन्होंने कहा प्रतिदिन जनता की समस्याओं की जन सुनवाई की जायेगी जिससे जनता को न्याय मिल सकें।

# वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा उत्तर प्रदेश उप खनिज परिहार नियमावली तथा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त पिन्टू सरोज पुत्र बुधई निवासी गोराजू थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्ता संगीता देवी पत्नी नन्दलाल निवासी अलवारा थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्ता सावित्रि उर्फ रिक्वाइन पत्नी राजकुमार निवासी मलाक पिपरी थाना मंझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्ता को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना मोहब्बतपुर पइन्सा पुलिस बल द्वारा तीन वांछित अभियुक्तों राम करन पाण्डेय पुत्र राम भवन पाण्डेय सुजीत पाण्डेय शिवम पाण्डेय पुत्रगण राज कुमार पाण्डेय निवासीगण रमसहाईपुर थाना मोहब्बतपुर पइन्सा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।


मजार पहुचे आईजी।

## आईजी जोन ने किया दो थाने का निरीक्षण

### टीले वाले बाबा के मजार पर आईजी ने चढ़ाया चादर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** प्रयागराज जोन के आईजी जोन राकेश सिंह सोमवार को कौशांबी भ्रमण पर रहे उन्होंने कौशांबी थाना और सराय अकिल थाने का मुआयना किया मुआयना के दौरान उन्होंने अधीनस्थों को कानून का पाठ पढ़ाया थाना निरीक्षण के बाद उन्होंने कौशांबी किला का भ्रमण भी किया इसके बाद कौशांबी थानांतर्गत हिसामबाद गांव में हिसामुद्दीन टीले वाले बाबा के दर पर प्रयागराज जोन के आईजी राकेश सिंह पहुँचे और टीले वाले बाबा के दर पर उन्होंने चद्दर चढ़ाया इस मौके पर कौशाम्बी थाने के प्रभारी व पूर्व में रहे थाना अध्यक्ष आरके सिंह भी मौजूद रहे आरके सिंह कोतवाल यहाँ हर वर्ष उर्स करवाते है।

## गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सैनी पुलिस बल द्वारा मस्तावाहन चेकिंग के दौरान अभियुक्त पताली पुत्र राम विशाल निवासी निदुरा थाना सैनी को मुगहरी निदुरा मोड़ से 01 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्तात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना मंझनपुर पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त उपेन्द्र कुमार पुत्र दयाराम निवासी निजामपुर हण्डिया थाना मझनपुर को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा वारन्टी अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र बुधराम निवासी चौराडीह थाना चरवा सुरेन्द्र व लक्ष्मण पुत्रगण अमृत लाल पटेल निवासी कयामुद्दीनपुर थाना चरवा जनपद को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## नगर पंचायत अझुवा में समस्याओं का अम्बार

# करोडों खर्च के बाद भी नगर में मूल भूत सुविधाओ का टोटा

### पीने का पानी,जल निकासी की विकट समस्या,जिम्मेदार कमीशन बाजी में व्यस्त

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** प्रदेश सरकार नगर पंचायतों के सर्वांगीड़ विकास हेतु राजवित्त,निर्दिष्ट अनुदान,बुनियादी अनुदान सहित विभिन्न मदो से धन खर्च करवाकर नगर पंचायतों में खजाने का मुंह खोल देती है लेकिन जिम्मेदार भ्रस्टाचारियों की खाऊ कमाऊ नीति धन के बंदर बांट से विकास शून्य हो जाता है।

बात करें आदर्श नगर पंचायत अझुवा की तो यहां तो भ्रस्टाचारियों का बोलबाला रहा शिकायत पर उच्चाधिकारियों ने तमाम दस्तावेज सीज भी किये लेकिन कहते हैं पैसा की नानी पहाड़ चढ़ती है वही हुआ!! कुछ दिन भ्रस्टाचारियों की फिर पौ बारह हो गयी आदर्श नगर पंचायत अझुवा का विकास सिर्फ कागजी दस्तावेजों में ही दिखाई दिया।

मूल भूत सुविधाओं को दरकिनार कर मोटा कमीशन किस


अझुवा नगर की गंदगी।

तरह पास कराया जाए उसी में जिम्मेदार मशगूल रहे हैं नगर की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी,पीने के पानी की है बरसात के दिनों में वार्ड नं 2 अम्बेडकर नगर,वार्ड 6 कृष्णा नगर,वार्ड नं 12 नयानगर में जल निकासी की समस्या से वार्ड वासी परेशान रहते हैं, ।वार्ड नं 4 मढिया मई,वार्ड नं 5 अजमत पुर वार्ड नं 7 आजाद नगर में शुद्ध पानी पीने की किल्लत बनी रहती है किंतु जिम्मेदार मूकदर्शक बने रहते हैं।

मार्च 2021 में सरकार ने आदर्श नगर पंचायत अझुवा को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श योजना में शामिल कर साढ़े 3 करोड़ से अधिक धनराशि निर्गत की लेकिन जिमीदारों ने 2 करोड़ में हाईमास्ट, एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाने का टेंडर करवाकर 40 से 50 फीसदी कमीशन बाजी में जुट गए ।घटिया क्वालिटी का विद्युत सामग्री लगवाने को आतुर दिखाई दे रहे हैं।2017 से 2022 कार्यकाल समाप्त की ओर है किसी भी समय चुनाव की रणभेरी बज सकती है भ्रस्टाचारी विकास दिखाने को आतुर हो गए हैं इंटर लॉकिंग ,नाली निर्माण में मानक विहीन सामग्री का उपयोग हो रहा है जिसकी शिकायत जिम्मेदारों से की गई है नगर पंचायत की विद्धवंश नालियां टूटी गलियां विकास की कहानी कह रही हैं 2011 जनगणना अनुसार 16936 मतदाता आने वाले चुनाव में मतदान हेतु आतुर हैं तमाम बुद्धजीवियों ने कहा इस बार चुनाव में उसका चुनाव किया जाएगा जो अपने विकास के साथ नगर पंचायत अझुवा का भी विकास कर सके।

## भरवारी नगर में जहरीले पानी की सप्लाई बन सकती है बड़ी समस्या

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में बीते कई महीने से जल निगम की केशवनगर पानी टंकी से बदबूदार दूषित जहरीला गंदा पानी नगर वासियों को सप्लाई किया जा रहा है कई बार लोगों ने शिकायत अधिकारियों से की पानी को बोतल में भरकर जिला अधिकारी के पास भी ले जाने का मन लोग बना रहे हैं इसके पहले दूषित पानी पीकर नगर के कई लोग डेंगू जैसी बीमारी से प्रभावित हो चुके हैं उसके पहले भी कई लोग अन्य बीमारियों से भी ग्रसित हो चुके हैं लेकिन उसके बाद भी नगर पालिका द्वारा पानी की टंकी से गंदे बदबूदार जहरीले पानी की सप्लाई बंद नहीं की गई है जिससे नगर वासियों में दिनोंदिन आक्रोश पनपता जा रहा है।

## सेंट फ्रांसिस स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया बाल दिवस


बाल दिवस के अवसर पर सेंट फ्रांसिस स्कूल का दृश्य।

अखंड भारत संदेश

**भरवारी कौशाम्बी।** बेरूवा स्थित सेंट फ्रांसिस स्कूल में चाचा नेहरू का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ टीचर्स के द्वारा बच्चों के समक्ष अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के साथ हुआ। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने जहां बच्चों के समक्ष अनेकों प्रेरणादाई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश दिया कि शिक्षक ही समाज का वास्तविक आईना होता है, वही दूसरी ओर बच्चों के मनोरंजन व खानपान हेतु विभिन्न प्रकार के स्टॉल आइसक्रीम, इडली, डोसा, पाव-भाजी, चाट-पापड़ी आदि के साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के गेम का भी आयोजन किया गया???, उक्त बाल महोत्सव में विद्यालय की शिक्षिका द्वारा तैयार किया गया सेल्फी प्वाइंट विशेष आकर्षण का विषय रहा` कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य जेराल्ड पी डिसूजा ने किया।

# हुबलाल इंटर कॉलेज में आयोजित हुई जनपदीय प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु जनपद स्तर पर आयोजित जनपदीय प्रतियोगिता हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी मे आयोजित की गयी प्रतियोगिता में सड़क सुरक्षा के प्रति छात्र छात्राओं को नियम कानून की जानकारी देते हुए उन्हें सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया और छात्र-छात्राओं को स्थान प्राप्त हुआ लेखन(स्लोगन अथवा कविता) में शेफा फातमा धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को प्रथम स्थान,दीक्षा सिंह धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को द्वितीय स्थान तथा सौरभ मौर्या माहेश्वरी प्रसाद इण्टर कॉलेज आलम चन्द्र को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ इसी क्रम में हुयी चित्रकला(पोस्टर) में शनि कुमार धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को प्रथम स्थान


प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित करते शिक्षक।

शिवनन्दा देवी धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को द्वितीय स्थान तथा यवन हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ तथा इसी प्रतियोगिता के क्रम हुयी क्विज प्रतियोगिता में मनीषा देवी कस्तूरबा गाँधी इण्टर कॉलेज भरवारी को प्रथम स्थान,सचिन कुमार धर्मा देवी इण्टर कॉलेज केन कनवार को द्वितीय स्थान तथा प्रख्यात साहू को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ निर्णायक मण्डल के रूप में प्रधानाचार्या राजकीय बालिका इण्टर कड़ा प्रधानाचार्य श्री मान सिंह इण्टर कॉलेज अलीपुर जीता कड़ा एवं श्री उमेश कुमार(प्रवक्ता) हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी तथा अशोक कुमार(स0अ0) हुबलाल इण्टर कॉलेज भरवारी रहें इस कार्यक्रम के अवसर पर सहायक परिवहन अधिकारी आदित्य सिंह आदि अतिथियों शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

## तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पिपरी पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त हासिम उर्फ गुड्डू पुत्र मो० अलीम निवासी सिलना भीटी थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज हालपता ससुर नफीस का मकान ब्लड बैंक ढाल के नीचे उपवागढ़ी थाना कैन्ट जनपद प्रयागराज को भौखपुर मेड़वार के पास से गिरफ्तार कर अभियुक्त की जामा तलासी से करने से एक अदद तमंचा व सके अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पक्षात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

# डीएम ने विद्युत उपकेन्द्र तथा ट्रान्सफार्मर वर्कशॉप का किया औचक निरीक्षण

## शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

### 1912 पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र करने के निर्देश

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा आज 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, मंझनपुर तथा ट्रान्सफार्मर वर्कशॉप,मंझनपुर के औचक निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता, विद्युत ने जिलाधिकारी को 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र से जनपद में विद्युत आपूर्ति के विषय में विस्तृत जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने जनपद में शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दियें जिलाधिकारी ने ट्रान्सफार्मर वर्कशॉप के निरीक्षण के दौरान प्रतिदिन कितने खराब ट्रान्सफार्मर की रिपेयरिंग की जाती है तथा कितने ट्रान्सफार्मर अभी मरम्मत के लिए शेष हैं आदि की



जानकारी प्राप्त करने पर बताया गया कि प्रतिदिन 15 से 20 ट्रान्सफार्मर की मरम्मत हो जाती हैं तथा मैटेरियल समय से न मिलने पर ट्रान्सफार्मर मरम्मत में समस्या का सामना करना पड़ता है, जिस पर जिलाधिकारी ने शासन स्तर से मैटेरियल की मॉग के लिए समय से पत्र प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दियें उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समयावधि में खराब ट्रान्सफार्मर को बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय तथा कहीं पर भी ट्रान्सफार्मर खराब होने की शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल ट्रान्सफार्मर बदलने की कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि जितने ट्रान्सफार्मर खराब हैं उन्हें शीघ्र ठीक कर निर्गत किया जाय जिलाधिकारी ने रजिस्टर की जॉच के दौरान व्यवस्थित एवं स्पष्ट रूप से विवरण अंकित करने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता, विद्युत को निष्प्रयोज्य सामग्रियों का मानक के अनुसार निस्तारण कराने एवं साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने दूरभाष नम्बर-1912 पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी/रजिस्टर की जॉच करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र किया जाय

# ओवरलोड वाहनों पर चला प्रशासन का चाबुक

### दो दर्जन से अधिक ओवरलोड बालू,गिट्टी लदी ट्रको को किया सीज,लाखो का वसूला जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिले में प्रशासन ने अभियान चलाकर ओवरलोड गिट्टी व बालू लदे दो दर्जन से अधिक ट्रक सीज किए है ओवर लोड ट्रक को पकड़ने की यह कार्रवाई खनन विभाग परिवहन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने की है।प्रशासन की कार्यवाई से ओवरलोड वाहन चालको में हड़कंप मचा हुआ है।

जिले में ओवरलोड बालू और गिट्टी लदे वाहनों ने सड़कों की सूरत बिगाड़कर रख दी है। डीएम सुजीत कुमार के निर्देश पर खनन अधिकारी अमित पांडेय, एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल व सीओ योगेन्द्र कृष्ण नारायण ने पुलिस फोर्स के साथ संयुक्त रूप से अभियान चलाया।अधिकारियों की टीम ने महेवाघाट, कुम्हियावां, टेवां, ओसा आदि चौराहों पर घेराबंदी कर ओवरलोड बालू लदे दर्जनों तथा गिट्टी की दर्जनों ट्रकों को सीज कर दिया खनन अधिकारी ने बताया कि खनन व परिवहन का मिलाकर इन वाहनों से लाखो रुपया जुमार्ना वसूल किया जाएगा डीएम सुजीत कुमार का कहना है कि ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश सभी संबंधित अधिकाारियों को दिया गया है। खनन, परिवहन और पुलिस की संयुक्त टीम अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। लापरवाही करने पर अफसरों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़

**पश्चिम सरीरा कौशांबी।** पश्चिम शरीरा कस्बे में शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्वर्गीय धीरेंद्र केसरवानी की पत्नी शिव भक्त माधुरी केसरवानी द्वारा आयोजित किया गया है शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन चित्रकूट धाम से पधारे कथावाचक अनूप तिवारी राम जी महाराज ने शिव महापुराण की महिमा पर विस्तार से वर्णन किया है मधुर संगीत की धुन पर आयोजित शिव महा पुराण कथा के आयोजन में महिला एवं पुरुष भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है जयकारे से वातावरण गूंज रहा है शिव महापुराण कथा के आयोजन में माधुरी केशरवानी मंजीत सोनी, पवन केशरवानी, छंगूलाल केशरवानी, गुड्डू केशरवानी, पप्पू केशरवानी, आशीष कौशल, अजय केशरवानी, आनन्द केशरवानी, मंगू केशरवानी, सहित सैकड़ों महिला-पुरुष भक्त शामिल होकर प्रभु की भक्ति का आनंद ले रहे हैं।

## पिपरी पुलिस की गाड़ी से रात में होती है बालू ट्रकों से अवैध वसूली

**कौशाम्बी।** चायल सर्किल क्षेत्र के पिपरी थाना पुलिस अवैध वसूली में मस्त है पूरी रात पुलिस का वाहन सड़कों पर अवैध वाहनों से वसूली करता देखा जाता है रात में पुलिस हर चौराहे पर बालू ट्रकों से अवैध वसूली करती है पिपरी थाना प्रभारी की गाड़ी पूरी रात बालू के ओवरलोड अवैध ट्रकों को रोक रोक कर वसूली करती है सरायअकिल थाना तिलहापुर पुलिस चौकी और पिपरी थाना में वाहनों से अधिक वसूली हो रही है आखिर थाना पिपरी मे इस तरह की अवैध वसूली पर कब लगाम लगेगी नवागत पुलिस अधीक्षक के चार्ज लेते ही लोगों ने थाना पुलिस की अवैध वसूली की ओर उनका ध्यान आकर्षित कराकर कार्रवाई की मांग की है।

## गरीब बच्चों को उपहार देकर भाजपा नेता ने मनाया बाल दिवस

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू चाचा नेहरू के जन्मदिन बाल दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष अमरीश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पंडा जिला कार्यसमिति सदस्य ने गरीब बस्तियों के छोटे-छोटे बच्चों के पास पहुंचकर उन्हें पेन कॉपी आदि उपहार देकर बाल दिवस खुशी से मनाया है बाल दिवस के मौके पर मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के हजरतगंज दलित बस्ती में भाजपा नेता अमरेश कुमार केसरवानी पहुंचे और बाल दिवस पर बच्चों को कॉपी पेन आदि उपहार दिया बाल दिवस पर पेन कॉपी आदि उपहार पाकर बच्चे उत्साहित दिखे इस मौके पर डॉ अमित अमरेश कुमार केसरवानी उर्फ कल्लू पंडा सचिन चौधरी बीके मिश्रा श्याम यादव शैलेंद्र मोदनवाल भरत रमेश चंद्र केसरवानी के साथ छोटे-छोटे बच्चे अनन्या सोनी नंदनी लक्ष केसरवानी आदि लोग मौजूद रहे।

## धर्मा देवी कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया चाचा नेहरु का जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू चाचा नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में धर्मा देवी इंटर कॉलेज केन कनवार में धूमधाम से मनाया गया है इसी क्रम में छात्र छात्राओं के कल्याणार्थ हेतु विद्यालय प्रांगण में हवन पूजन का भी कार्यक्रम हुआ बाल दिवस के अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया और बड़े ही धूमधाम से चाचा नेहरु का जन्मदिन मनाया गया है विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ० रामकिरण त्रिपाठी ने पं0 जवाहर लाल नेहरु के व्यक्तिव एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला` इस कार्यक्रम के अवसर पर रामशंकर सिंह आदित्य कुमार द्विवेदी वरुण प्रकाश जोशी अमित त्रिपाठी शिवदत्त पाण्डेय,धन्वन्तरि कुमार आदि शिक्षक एवं छात्र छात्राएँ उपस्थित रहें।

# सर्दियों में चेहरे पर निखार के लिए लगाएं ये 3 होममेड फेस पैक




सर्दियों का मौसम काफी सुकून भरा माना जाता है, लेकिन इस सीजन में स्किन को कई तरह की परेशानियां होने की संभावना रहती है। इन परेशानियों में स्किन की ड्राईनेस शामिल हैं। सर्दियों की सर्द हवाओं की वजह से स्किन काफी ज्यादा ड्राई हो जाती है, जिसकी वजह से स्किन पपड़ीदार और फटने लगती है। ऐसे में अधिकतर लोग सर्दियों में स्किन की समस्याओं को लेकर परेशान रहते हैं। खासतौर पर चेहरे की स्किन अगर फटने लगे तो यह आपकी खूबसूरती पर असर डाल सकती है। ऐसी स्थिति में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज हम आपको कुछ ऐसे फेसपैक के बारे में बताएंगे, जो सर्दियों में आपके चेहरे पर निखार ला सकता है। आइए जानते हैं सर्दियों में चेहरे पर कौन सा फेसपैक लगाएं OnlyMyHealth

**शहद और गुलाबजल का फेसपैक**

सर्दियों में अगर आप चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाना चाहते हैं तो शहद और गुलाबजल का फेसपैक आपकी स्किन के लिए काफी प्रभावी हो सकता है। इस फेसपैक को चेहरे पर लगाने से आपकी डैमेज स्किन की रिपेयरिंग हो सकती है। साथ ही आपकी स्किन की चमक भी बढ़ सकती है। आइए जानते हैं शहद और गुलाबजल फेसपैक बनाने की विधि क्या है?

**विधि**

शहद और गुलाबजल फेसपैक तैयार करने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच शहद लें। इसमें 1 बड़ा चम्मच गुलाब जल डालकर इसे अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद इस पैक को अपने चेहरे पर लगाकर करीब 10 मिनट के लिए छोड़ दें। बाद में गुनगुने पानी से चेहरे को धो लें। इससे आपकी खूबसूरती बढ़ेगी।

**कोकोनट मिल्क फेसपैक**

कोकोनट मिल्क स्वाद में काफी बेहतर होता है। यह आपकी स्किन के लिए काफी हेल्दी माना जाता है। इससे आप अपनी स्किन पर मौजूद पिंपल्स और एक्ने की परेशानी को दूर कर सकते हैं। आइए जानते हैं इसे बनाने की विधि

**विधि**

सबसे पहले 1 नारियल लें। अब इसे अच्छी तरह से घिसकर इसका गाढ़ा पेस्ट तैयार कर लें। अब इसमें थोड़ा सा पानी मिक्स करके इसे अपने चेहरे और गर्दन पर लगाकर करीब 20 मिनट के लिए छोड़ दें। अब ठंडे पानी से अपना चेहरा धो लें। इससे आपकी स्किन की खूबसूरती बढ़ेगी। साथ ही सर्दियों में चेहरे पर निखार आएगा।

**गाजर और शहद का फेसपैक**

सर्दियों में ड्राई स्किन से बचने के लिए साथ ही स्किन पर निखार पाने के लिए गाजर और शहद का फेसपैक चेहरे पर लगाएं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा। यह फेसपैक आपकी स्किन को सॉफ्ट और हाइड्रेट बनाए रखने में प्रभावी हो सकता है। इससे स्किन पर मौजूद मृत कोशिकाओं से छुटकारा मिल सकता है। गाजर में मौजूद बीटा कैरोटीन ड्राई और बेजान त्वचा को बाहर निकालता है और शहद स्किन को पोषण प्रदान करके चमक बढ़ाने में प्रभावी है।

**विधि**

गाजर और शहद का फेसपैक तैयार करने के लिए एक गाजर को छीलकर इसकी प्यूरी तैयार कर लीजिए। अब इसमें थोड़ा सा शहद मिक्स करके इसका पेस्ट तैयार कर लें। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगाकर कुछ समय के लिए छोड़ दें। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। इससे आपके चेहरे की खूबसूरती बढ़ेगी। सर्दियों में स्किन की खूबसूरती को बढ़ावा देने के लिए आप इन फेसपैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि अगर आपकी परेशानी काफी ज्यादा बढ़ रही है तो इस स्थिति में एक्सपर्ट से सलाह जरूर लें।

# आरक्षण की ऐसी व्यवस्था बने, जिससे किसी भी जाति, समुदाय, क्षेत्र के हर गरीब और पिछड़े व्यक्ति को मिले अवसर




केंद्र सरकार ने मंतातरित हुए दलित मुसलमानों और ईसाइयों को आरक्षण का लाभ न देने के पक्ष में जो तर्क सुप्रीम कोर्ट ( Supreme Court) के समक्ष दिए, उनसे असहमत नहीं हुआ जा सकता। दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा देकर आरक्षण इसीलिए दिया गया था, क्योंकि वे हिंदू समाज में व्याप्त जाति प्रथा के चलते सदियों से भेदभाव का सामना कर रहे थे। आरक्षण (Reservation) देने का उद्देश्य उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना था। यह सुविधा उन दलितों को नहीं दी गई, जो मुस्लिम या ईसाई बन गए, क्योंकि ये दोनों समुदाय यह कहते हैं कि उनके यहां न तो किसी तरह का जातिवाद है और न ही जातिभेद।

आम तौर पर दलितों को यह लालच देकर मतांतरण कराया जाता है कि उन्हें जातिवाद से छुटकारा मिल जाएगा। यदि दलितों को यह भान होता कि मुस्लिम या ईसाई बनने के बाद भी उनके साथ भेदभाव होगा तो वे कभी मतांतरित ही न होते। दलित मुस्लिम और दलित ईसाइयों के संगठन खुद को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग इसीलिए कर रहे हैं ताकि दोहरा लाभ उठा सकें- एक अनुसूचित जाति का और दूसरा अल्पसंख्यक दर्जे का।

यदि मतांतरित होकर मुस्लिम और ईसाई बने दलितों को अनुसूचित जाति का दर्जा और फिर आरक्षण का लाभ दिया गया तो छल-बल और धोखे से उनके मतांतरण का अभियान और जोर पकड़ सकता है। चूंकि भारत में मतांतरण राष्ट्र की आतमिक चेतना को कमजोर करता है, लिहाजा इसे हर हाल में हतोत्साहित करना होगा।

इससे इन्कार नहीं कि हिंदू समाज का दलित कहा जाने वाला तबका भेदभाव का शिकार रहा है और कहीं-कहीं आज भी है। आजादी के समय यह माना गया था कि इस तबके को आरक्षण देकर उसे जातिभेद से मुक्त करा लिया जाएगा। प्रारंभ में तो सफलता नहीं मिली, लेकिन कुछ दशकों बाद इसका असर दिखने लगा और आज यह कहा जा सकता है कि आरक्षित तबका पहले से कहीं अधिक सक्षम है, लेकिन हमारे नेता अभी भी इस भावना को जिंदा रखना चाहते हैं कि हिंदू समाज अब भी जातियों में बंटा है और उसी आधार पर भेदभाव होता है।

इसी आधार पर वे आरक्षण की मांग करते रहते हैं। पिछले दिनों झारखंड में 1932 के डोमिसाइल के आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ा दी गई। झारखंड में आरक्षण अब 75 प्रतिशत से भी अधिक हो गया है। यह आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को लांघ रहा है। ऐसी ही स्थिति कुछ अन्य राज्यों में भी है। शिक्षा संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण तो बढ़ रहा है, लेकिन नौकरशाही की कार्यकुशलता नहीं बढ़ रही है।

अकुशल नौकरशाही राष्ट्र पर एक बोझ है। राजनीतिक हथियार बना आरक्षण एक तरह से देश पर आर्थिक बोझ भी है। आरक्षण के दायरे में आने वाली आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है, लेकिन कोई भी सरकार हो, वह बढ़ती आबादी के अनुपात में नौकरियां सृजित नहीं सकती। यही कारण है कि आरक्षण के दायरे में आने वाले कम लोगों को ही सरकारी नौकरियां मिल पाती हैं। चूंकि आरक्षण के जरिये नौकरी न पाने वाले भी अपने पैरों पर खड़े होकर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं, इसलिए सरकारों को उनकी ओर भी देखना चाहिए।यह एक तथ्य है कि गरीबी केवल आरक्षण के दायरे में आने वाले वर्गों में ही नहीं, अन्य वर्गों में भी व्याप्त है। इसी को ध्यान में रखते हुए 2019 में संविधान संशोधन के जरिये 10 प्रतिशत आर्थिक आरक्षण का प्रविधान लाया गया। यह आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को दिया जाता है। पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने बहुमत से दिए अपने फैसले में आर्थिक आरक्षण को उचित ठहराते हुए कहा कि इससे आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा का उल्लंघन नहीं होता। इससे सरकार को राहत मिली है, लेकिन अगर गरीबी को दूर करना है तो गरीबों को आरक्षण के साथ-साथ उनके लिए अन्य योजनाओं को भी चलाना होगा, जिससे वे सक्षम बनकर देश के विकास में भागीदार बनें।

आर्थिक आरक्षण को सही ठहराते हुए सुप्रीम कोर्ट की जज बेला त्रिवेदी ने आरक्षण की समीक्षा की भी बात कही। इस तरह की बात पहले भी उठती रही है परंतु आरक्षण के नफा-नुकसान पर खुलकर बहस नहीं हो पा रही है। कम से कम अब तो आरक्षण पर नीर-क्षीर ढंग से बहस होनी चाहिए, ताकि सभी वंचित- पिछड़े तबके मुख्यधारा में शामिल होकर देश की प्रगति में योगदान कर सकें।

आर्थिक आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आर्थिक आरक्षण की विसंगतियों की चर्चा तो हो रही है, लेकिन ऐसी चर्चा जातिगत आरक्षण को लेकर भी होनी चाहिए, क्योंकि यह एक तथ्य है कि अभी ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं बन सकी है, जिससे सभी पात्र लोगों को ही आरक्षण मिलना सुनिश्चित किया जा सके। यह ठोस व्यवस्था कैसे बने, इस पर नए सिरे से विचार होना चाहिए। इसी तरह बहस इस पर भी होनी चाहिए कि जब सरकारी नौकरियां घटती जा रही हैं, तब आरक्षण बढ़ाने की मांग करते रहना कितना लाभप्रद है? यह भी किसी से छिपा नहीं कि सरकारी शिक्षण संस्थान भी अपर्याप्त हैं। इन संस्थानों में आरक्षित तबके के सभी छात्रों को चाहकर भी प्रवेश नहीं दिया जा सकता।

यदि जाति और गरीबी के कारण किसी तरह का भेदभाव होता है तो उसे दूर करने के प्रभावी उपायों पर भी विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि आरक्षण के बावजूद इस समस्या का पूरी तरह समाधान नहीं किया जा सका है। वास्तव में एक ऐसा समाज बनाने की दिशा में आगे बढ़ा जाना चाहिए, जिससे जात-पात और भेदभाव के लिए कहीं कोई जगह न रहे।

जाति और पंथ के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिए यह भी आवश्यक है कि देश को अल्पसंख्यक बनाम बहुसंख्यक की धारणा से मुक्त किया जाए। आखिर आरक्षण की ऐसी कोई व्यवस्था क्यों नहीं बन सकती, जिससे किसी भी जाति, समुदाय, क्षेत्र के हर गरीब और पिछड़े व्यक्ति को विशेष अवसर प्रदान किए जा सकें यह वह प्रश्न है, जिसकी और अधिक अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। इस प्रश्न पर व्यापक विचार-विमर्श करके ही आरक्षण के उचित आधार तैयार किए जा सकते हैं।

# उदारता से न्याय

**पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में शामिल छह अपराधियों को तीस साल से ज्यादा जेल में रखने के बाद अंततः रिहा कर दिया गया है। रिहाई की कवायद लंबे समय से चल रही थी, क्योंकि तमिल राजनीति में भी...**

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में शामिल छह अपराधियों को तीस साल से ज्यादा जेल में रखने के बाद अंततः रिहा कर दिया गया है। रिहाई की कवायद लंबे समय से चल रही थी, क्योंकि तमिल राजनीति में भी रिहाई के पक्ष में कमोबेश माहौल लगातार बना हुआ था।

अपराधी भी वर्षों से सजा भुगतने के बाद लगातार माफी मांगते आ रहे थे। खास बात यह है कि इन अपराधियों ने जेल में अपनी जिंदगी को बिगड़ने नहीं दिया, बल्कि सकारात्मक रूप से अपने विकास में लगे रहे। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी उनसे मिले थे, माफी के पक्ष में अपनी भावना प्रकट की थी। जघन्य अपराध के बावजूद अनुकूलता ऐसे बनी कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी उम्रकैद की सजा काट रहे नलिनी श्रीहरन और आर पी रविचंद्रन समेत छह दोषियों को रिहा करने का आदेश सुना दिया। तमिलनाडु सरकार ने भी अपनी ओर से कोई देरी नहीं की। बड़ी राहत मिलने के बाद जेल से बाहर आते ही नलिनी श्रीहरन ने कहा, मैं जानती हूं, मैं आतंकवादी नहीं हूं।

इस रिहाई के बाद लोगों की पुरानी यादें ताजा हो आईं। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेरुंबदूर में एक चुनावी सभा के दौरान हत्या कर दी गई थी। लोकप्रिय प्रधानमंत्री रह चुके राजीव गांधी की हत्या के लिए धनु नाम की आत्मघाती हमलावर का इस्तेमाल किया गया था। विस्फोट में राजीव गांधी समेत 15 लोगों की जान गई थी। उस घटना ने देश को रुला दिया था, लेकिन वक्त ऐसा मरहम है कि बहुत गहरे घावों को भी भर जाता है। इस हमले की जांच के बाद सात लोगों को दोषी पाया गया था। जिसमें एक पेरारिवलन को मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन मई महीने में सुप्रीम कोर्ट ने उसकी रिहाई के आदेश दिए थे। इसके बाद बाकी दोषियों की रिहाई की बुनियाद मजबूत हुई थी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना की पीठ ने स्पष्ट कर दिया कि एक साजायाफ्ता पेरारिवलन के मामले में किया गया फैसला बाकी दोषियों पर भी लागू होता है। संविधान के अनुच्छेद-142 के तहत शक्ति का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला पूरी तरह से विधिसम्मत ही नहीं, बल्कि उदार न्याय व्यवस्था का एक नया अध्याय बन गया है।


यह फैसला एक तरह से प्रयोग भी है। जो लोग अच्छे आचरण के आधार पर छूटे हैं, उन्हें आगे भी अपने आचरण को भारतीय कानून-व्यवस्था के अनुरूप रखना होगा। यह भारतीय व्यवस्था की उदारता है कि बहुत जघन्य अपराध में शामिल दोषियों को भी रिहा कर दिया गया है। बाकी देशों में भी लोग भारत में हुए इस फैसले पर गौर करेंगे। आमतौर पर जहां ऐसे जघन्य अपराध होते हैं, वहां दोषियों को आजीवन जेल से बाहर नहीं आने दिया जाता है। बहरहाल, यह भी गौर किया गया होगा कि तमिल आतंकी संगठन लिट्टे भी अपनी जमीन से उखड़ चुका है। लिट्टे अगर आज सक्रिय रहता, तो शायद भारत में यह रिहाई मुमकिन नहीं होती। लिट्टे निरपराध लोगों का खून नहीं बहा रहा है, इसलिए नलिनी इत्यादि के प्रति सहानुभूति को जगह मिल गई है। हालांकि, अदालतों को सावधान रहना होगा कि यह फैसला अपवाद ही रहे, नजीर न बन जाए। किसी भी पूर्व अपराधी को जेल से छोड़ते समय यह आश्वासन सोलह आना जरूरी है कि अपराध को फिर दोहराया नहीं जाएगा और न समाज के लिए संकट पैदा किया जाएगा। न्याय उदारता से हो, पर उदारता का कभी दुरुपयोग न हो।

# वैश्विक सोशल मीडिया कंपनियां नौकरियों में कर रही हैं बड़ी कटौती, क्या अब भी MNC के पीछे भागेंगे हमारे युवा?

सोशल मीडिया कंपनियों में इस समय छँटाई का जो दौर चल रहा है वह खेदजनक है। मेटा ने जिस तरह हजारों कर्मचारियों की छुट्टी की उससे बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। हटाये गये कर्मचारियों में ऐसे लोग भी हैं जो दो-तीन दिन पहले नियुक्त किये गये थे।

27 अक्टूबर को 44 अरब अमेरिकी डॉलर में ट्विटर को खरीदने वाले एलन मस्क ने इस सोशल मीडिया मंच पर बड़े सुधारों की घोषणा की है जिसको मिश्रित प्रतिक्रिया मिल रही है। लेकिन उन्होंने जिस तरह कर्मचारियों की संख्या में भारी कटौती की है उसकी आलोचना भी हो रही है। 39 करोड़ 60 लाख उपयोक्ताओं वाला यह सोशल मीडिया मंच आज के दौर में काफी महत्व रखता है क्योंकि निजी और सरकारी स्तर पर सूचनाओं के प्रसार के लिए ट्विटर का व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। ट्विटर पर विभिन्न हैशटैग के जरिये तमाम तरह के मुद्दे उठाये जाते हैं लेकिन आज ट्विटर खुद एक मुद्दा बन चुका है और इसका भविष्य भी अधर में नजर आ रहा है क्योंकि मस्क ने एक बयान में कह दिया है कि कंपनी दिवालिया भी हो सकती है। हालांकि ट्विटर के प्रशंसकों को उम्मीद है कि यह मंच एक बार फिर से खुद को मजबूत कर और लोकप्रियता हासिल करेगा।

जहां तक ट्विटर के पुनर्गठन की मस्क की योजना की बात है तो यह शीर्ष अधिकारियों की छंटनी के साथ शुरू हुई। ट्विटर के वैश्विक कर्मचारियों में से ज्यादातर को ईमेल की गईं कि उनकी नौकरी खतरे में है या उनके कार्य स्वरूप में बदलाव किया जा रहा है। व्यापक रूप से चर्चित मेमो ने ट्विटर के कर्मचारियों को यह भी सूचित किया कि उन्हें ईमेल द्वारा अपने भाग्य का पता चलेगा। लेकिन मीडिया में आई रिपोर्टों के हिसाब से कुछ कर्मचारियों के ट्वीट से पता चला कि उन्हें ईमेल आने से पहले ही पता चल गया था कि उनके वर्क अकाउंट या अन्य आंतरिक प्रणालियों तक उनकी पहुंच को रोक दिया गया है। ऐसा ही हाल मेटा में देखने को मिल रहा है जिसने अब तक की सबसे बड़ी छंटनी की है। जो लोग कह रहे हैं कि एलन मस्क के आने से ट्विटर में लोगों की नौकरियां गयीं उन्हें यह भी देखना चाहिए कि मेटा में तो



प्रबंधन में कोई बदलाव नहीं हुआ लेकिन उसके बावजूद नौकरियों में कमी करनी पड़ी है।

देखा जाये तो वैश्विक सोशल मीडिया कंपनियों में इस समय छँटाई का जो दौर चल रहा है वह खेदजनक है। मेटा ने जिस तरह हजारों कर्मचारियों की छुट्टी की उससे बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हुए हैं। हटाये गये कर्मचारियों में ऐसे लोग भी हैं जो दो-तीन दिन पहले नियुक्त किये गये थे। इनमें से कई तो किसी दूसरी बड़ी कंपनी को छोड़कर आये थे इसलिए अब उनका कॅरियर ही खतरे में पड़ गया है। यह सही है कि हर कंपनी को बाजार की स्थिति और मुनाफे को देखना होता है लेकिन र्कचारियों के कॅरियर की परवाह भी की जानी चाहिए।यही नहीं, ट्विटर और मेटा को जो फैसले करने पड़ रहे हैं। वह हाल में कई कंपनियों को करने पड़े हैं। स्वीडिश वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी क्लारना ने पिछले मई में 700 कर्मचारियों की छंटनी की और उन्हें इस संबंध में सूचित करने के लिए एक पूर्व-लिखित संदेश भेजा था जबकि एक अन्य कंपनी ने मार्च में जूम पर 800 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था। यही नहीं, मॉर्गेज कंपनी बेटर डॉट कॉम ने 2021 में जूम द्वारा 900 कर्मचारियों को बेमानी बना दिया, इसके एक साल बाद इलेक्ट्रिक स्कूटर कंपनी बर्ड ने 400 से अधिक कर्मचारियों को बर्खास्त करने के लिए जूम वेबिनार का इस्तेमाल किया।बहरहाल, हाल के महीनों में तकनीकी क्षेत्र में कर्मचारियों को हटाने का सिलसिला जिस तेजी से बढ़ा है वह सभी के लिए सतर्क रहने की चेतावनी भी देता है। यदि सही रणनीति के बगैर काम किये जायेंगे और खर्चों को बेतहाशा बढ़ा लिया जायेगा तो ऐसे ही हालात होंगे। साथ ही वैश्विक कंपनियों को भी सोचना होगा कि यदि उन्होंने ऐसा ही अनिश्चय का वातावरण बनाये रखा तो आज के युवा जो मल्टीनेशनल कंपनियों की ओर भागते हैं वह ऐसी नौकरियों से मुंह मोड़ने लगेंगे या उन पर अविश्वास करने लगेंगे तो बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रतिभावान कर्मचारी मिलने मुश्किल हो जायेंगे।

# शिवरामपुर सीएचसी में खुली हेल्थ एटीएम मशीन




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष/जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर में जनसामान्य की सुविधा के मद्देनजर रेडक्रास सोसाइटी के माध्यम से हेल्थ एटीएम मशीन का शुभारम्भ कर कहा कि जिले में ये पहली हेल्थ एटीएम मशीन है। इस मशीन से दस मिनट में प्रोटीन, बीएमआई, वीएमआर, बाडी फैट, ब्लड ग्रुप, ब्लड प्रेशन, एपीओटू टम्प्रेचर, शुगर, हिमोग्लोबिन, लिपिट प्रोफाइल, एचबीए 1, सी, रेपिटेस्ट एवं कोविड रैपिड एंटीजन की जांच रिपोर्ट निःशुल्क मिल सकेगी।

सोमवार को जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर के अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र गौरव को निर्देश दिया कि इस हेल्थ एटीएम से होने वाली सभी जांचों के बारे में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार करायें। सारी सूचनायें चिकित्सालय के अन्दर एवं बाहर प्रदर्शित करें, ताकि इस निःशुल्क सुविधा का ज्यादा से ज्यादा लोग लाभ उठा सकें। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने जिलाधिकारी को बताया कि इसी तरह दो हेल्थ एटीएम शासन की ओर से जनसामान्य की सुविधा को दिलाई गई हैं।

उन्होंने प्रसव वार्ड में मरीजों से मेन्यू के हिसाब से खाना मिलने के बारे में पूंछा।

मरीजों से पूंछा कि लंच टाइम क्या है, बेड सीट गन्दी नहीं होनी चाहिए। अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र गौरव को निर्देश दिया कि एक घंटे बाद राउंड लेते रहें। टीकाकरण के बारे में जानकारी की। इस मौके पर रेडक्रास सोसाइटी के सचिव केशव शिवहरे ने बताया कि रक्त संबंधी एवं अन्य जांचों के लिए जरूरतमन्दों को जिला अस्पताल जाना पडता था।

# कटहा प्राविं में भारी घोटाला, बढाकर लिखी बच्चों की संख्या



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के गढचपा गांव के प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल उर्फ मिन्टू सिंह ने बाल दिवस पर कटहा प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्हें भारी अनियमिततायें मिलीं। उन्होंने एबीएसए व बीएसए को मामले की जानकारी देकर प्रधानाध्यापक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

सोमवार को गढचपा गांव के प्रधान प्रतिनिधि अरुण सिंह बघेल ने प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला के साथ खण्ड शिक्षाधिकारी मानिकपुर को सौंपे पत्र में कहा कि आज कटहा प्राथमिक विद्यालय के निरीक्षण में छात्रों की संख्या रजिस्टर में 248, 290, 275 है, जबकि मौके पर कुल 92 छात्र मिले हैं। कटहा विद्यालय में बच्चों की संख्या बढाकर लिखी जाती है। गढचपा प्राथमिक विद्यालय में दिन में दोपहर एक बजे निरीक्षण में निगरानी रजिस्टर में बच्चों के बयान अंकित हैं। बच्चों के बयान की वीडियो रिकार्डिंग भी है। उन्हें भोजन में आज सब्जी, चावल खिलाया गया है, फल नहीं बांटे गये। बच्चों की संख्या बढाकर लिखी जाती है। मौके पर जांच से पता चलता है कि रजिस्टर में व्हाइटनर लगाकर गलती छिपाई गई है।


उन्होंने बताया कि गढचपा प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य आशीष पाण्डेय ने उनके सामने रजिस्टर में व्हाइटनर लगाकर गलती को छुपाया है। प्रधान प्रतिनिधि ने मामले की विस्तार से जांचकर प्रधानाचार्य के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है।

# भरतकूप मन्दिर में अराजकतत्वों की सिर चढ़कर बोलती है मनमानी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भरतकूप स्थित निमार्णाधीन मन्दिर कार्य में कुछेक अराजकतत्व दखल दे रहे हैं। अराजकतत्वो में पूर्व प्रधान व उनके गुर्गे शामिल हैं। कुछेक कथित लोग भी अवैध वसूली में लिप्त हैं।

सोमवार को भरत मन्दिर दर्शन को पहुंचे अयोध्या के संत कमलनयनदास महाराज ने निमार्णाधीन मन्दिर के कार्यों को देखा। निमार्णाधीन मन्दिर में साधु-



संतों के ठहरने को कमरे बनवाये जा रहे हैं। ये सभी कमरे भरत जी के नाम भूमि पर बन रहे हैं। 14 जनवरी को भरतकूप मन्दिर में विशाल मेला लगता है। मेले में अवैध वसूली का काम पूर्व प्रधान व उनके गुण्डे करते हैं। मेले में अराजकतत्वों की मनमानी सिर चढकर बोलती है। अवैध ढंग से दुकानदारों से उगाही कर साधु-संतों से भी अराजकतत्व अभद्र बर्ताव करने में चूक नहीं करते।

भरत मन्दिर के बनने के बाद लोगों के कयास हैं कि सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आ सकते हैं। मन्दिर का शुभारम्भ करने को मुख्यमंत्री के आने की प्रबल सम्भावना है। ऐसे में जिला प्रशासन को चाहिए कि भरतकूप मन्दिर परिसर के इर्द-गिर्द अराजकतत्वों के जमावडे को तत्काल प्रभाव से समाप्त करायें, ताकि साधु-संतों के ठहराव व मन्दिर के रख-रखाव में कोई व्यवधान न डाल सके।

# चाचा नेहरू के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने निकाली पद यात्रा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरु के जन्मदिन पर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने चाचा नेहरु के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।



सोमवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में चाचा नेहरु का जन्मदिन बाल दिवस के बतौर मनाने को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि भारत की आजादी में पं नेहरु का बहुत योगदान है। सभी लोग संकल्प लें कि उनके बताये रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे। कांग्रेसियों से कहा कि लोकतंत्र व संविधान की रक्षा की लडाई तेज करनी है। कांग्रेस की पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने चाचा नेहरू को याद करते हुए कहा कि सभी लोग एकजुट होकर निकाय चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों को जिताने का काम करें। नेता राहुल गांधी भारत जोडो यात्रा पर निकले हैं, उनके समर्थन में कांग्रेसियों को नगर पालिका, नगर पंचायत एवं गांव-गांव में भारत जोडो पद यात्रा निकालकर जनता को जोडने का काम करना है।

चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर कांग्रेसियों ने सीतापुर के जयपुरिया से भारत जोडो यात्रा के समर्थन में पद यात्रा निकाली। पद यात्रा जयपुरिया से रामघाट होते हुए पोद्दार इंटर कालेज के पास समाप्त हुई। पद यात्रा में अरुण गुप्ता, सविता पाल, यमुना शुक्ला, कुलदीप द्विवेदी, ओमप्रकाश गुप्ता, मेंहदी हसन, कामता द्विवेदी, राजनारायण यादव, मुरारीलाल विश्वकर्मा, राममिलन कुशवाहा, मानवेन्द्र पटेल, धीर सिंह, सुरेश यादव, लीला कुशवाहा, रीना कुशवाहा, पूनम कुशवाहा, राजन कुशवाहा, संगीता कुशवाहा, नत्थू कुशवाहा, रामलखन, कमलेश आदि शामिल रहे।

# प्रधानों ने किया ऐलान: दिसम्बर से बन्द होगा गौशाला-मनरेगा संचालन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में मानिकपुर ब्लाक के प्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी की गैरमौजूदगी में एडीओ आईएसबी को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ब्लाक परिसर में प्रधान संघ की बैठक हुई। बैठक में गौशाला संचालन में हो रही दिक्कतों का जिक्र किया गया है।



सोमवार को प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष गुड्डा पटेल, ब्लाक महामंत्री अरुण सिंह बघेल समेत तमाम प्रधानों की मौजूदगी में प्रधानों से जुडी समस्याओं पर चर्चा की गई। गौशाला संचालन में हो रही दिक्कतों का जिक्र कर पिछले वित्तीय वर्ष मार्च के भरण-पोषण की धनराशि नहीं मिली। माह अगस्त से अक्टूबर की भरण-पोषण धनराशि जल्द मुक्त करायें। मनरेगा में छह दिन के मस्टर रोल निर्गत कराने के निर्देश दें। गौशाला के माहवार भरण-पोषण को धनराशि दिलायें। कायाकल्प के कार्य मनरेगा से कराने के निर्देश दें। टीएस की एक समय अवधि निर्धारित करें। मनरेगा मजदूरी को ससमय श्रमिकों के खातें में धनराशि भिजवायें।

प्रधान संघ ने निर्णय लिया कि ग्राम पंचायतों के विद्यालयों में मनरेगा से कायाकल्प कराया जायेगा। विद्यालय में उपभोग की गई बिजली का बिल खुद शिक्षा विभाग अपने मद से भुगतान करेगा। चेताया कि समय से मांगों का निस्तारण न हुआ तो दिसम्बर से सभी प्रधान सम्पूर्ण मनरेगा व गौशाला का संचालन पूरी तरह से बन्द कर देंगे।

## डिलौरा में गौशाला का अयोध्या के महंत ने किया शुभारंभ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर की गौशाला का डिलौरा गांव में अयोध्या से भरत यात्रा लेकर आए महन्त कमलनयन दास महराज ने पूजन-अर्चन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर धर्मनगरी के संत-महंत व तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

सोमवार को मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने बताया कि मंदिर की गौशाला खोलने की लम्बे समय से योजना थी। अब गौशाला के दूध से ही रोज राजाधिराज का भोग लगेगा और गौ सेवा होगी। डिलौरा गाँव के पास सोमवार को अयोध्या की मणिराम छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास जी महराज ने गौशाला का विधिवत शुभारंभ किया। पूजा-पाठ का दौर चला और संगीतमयी रामचरित मानस के बीच भण्डारे का आयोजन हुआ। महंत कमलनयन दास महराज ने कहा कि गाय में 33 कोटि देवी-देवताओं का वास रहता है। मनुष्य जीवन में गौ सेवा और मानव सेवा जरूरी है। गौशाला के दूध से ही राजाधिराज का अभिषेक होगा, रोज भोग बनेगा और गाय सेवा का पुण्य मिलेगा। बताया कि हिंदू धर्म मे पहली रोटी गाय को और अंतिम कुत्ते के लिए आरक्षित है। सभी लोगों को किसी न किसी रूप में गौ सेवा और मानव सेवा करते रहना चाहिए।

इस मौके पर नागेंद्रदास महराज, यज्ञवेदी के महंत सत्यप्रकाश दास, संतोषी अखाडा के महंत रामजीदास महराज, पीलीकोठी के बरम बाबा, बड़े हनुमान, निमोर्ही अखाडा के दीनदयाल दास, रामायनी कुटी के रामहृदय दास, मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन बिहारी, गुलजारी लाल, महेंद्र कृष्ण शास्त्री, राजेश शास्त्री, अशोक गर्ग, ओम प्रकाश द्विवेदी, बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, वरिष्ठ व्यापारी विवेक अग्रवाल समेत लोग मौजूद रहे।

## 17 को भवन मानचित्र का करायें निस्तारण: सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि प्राधिकरण क्षेत्र में मंजूरी को मिले भवन मानचित्रों के तत्काल निस्तारण को 17 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है।

सोमवार को प्राधिकरण की सचिव श्रीमती वन्दिता श्रीवास्तव ने बताया कि 17 नवम्बर को सवेरे दस बजे से अपरान्ह दो बजे तक कलेक्टेज्ट सभागार में मानचित्रों के निस्तारण की तिथि निर्धारित की गई है। सभी संबंधित भवन मानचित्र प्रस्तुतकर्ता, संबंधित विभाग एवं अनुज्ञा प्राप्त मानचित्रकार मौजूद रहेंगे।

उन्होंने कहा कि संबंधित भवन मानचित्र की आपत्तियों का तत्काल निराकरण करते हुए भवन मानचित्र मंजूरी की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी संबंधितों से कहा है कि निर्धारित तिथि, समय व स्थान में पहुंचकर सुविधा का लाभ उठायें।

## जनवादी महिला समिति ने बच्चों को बांटी पेंसिल-कापी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति ने बच्चों के साथ बाल दिवस मनाकर बच्चों के बीच पेंसिल व कापी बांटी। बच्चों को आधुनिक शिक्षा से शिक्षित करने पर जोर दिया। कहा कि बच्चों के शिक्षित होने से भारत विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो सकता है।

सोमवार को बाल दिवस पर प्राथमिक विद्यालय तौरा क्षेत्र पहाडी में जनवादी महिला समिति की जिला सचिव पूनम ने बच्चों व महिलाओं से कहा कि शिक्षा से ही बालकों के जीवन में सुधार हो सकता है। बालकों को बिना शिक्षित किये भारत देश विकसित देशों की श्रेणी में नहीं आ सकता। महिलाओं को बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा।

बाल दिवस पर बाल सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाध्यापिका संतोष कुमारी ने जनवादी महिला समिति की महिलाओं व बच्चों के लिए किये जा रहे कार्यों के लिए बधाई देते हुए कहा कि बच्चों के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ संघर्षरत जनवादी महिला समिति की जितनी सराहना की जाये, वह कम है। इस मौके पर महिला समिति की सरिता वर्मा, निधि भटनागर, आरती देवी, निशा देवी, आस्था गुप्ता, ऊषा देवी, नीता देवी, बिजरनिया, ज्ञानमती, मिथलेश ने विचार रखे।

## बच्ची को लेकर ट्रेन से कूदा पिता दोनों की मौत

**मिजार्मुराद।** क्षेत्र के बहेड़वा हॉल्ट के पास रविवार दोपहर चलती ट्रेन से तीन साल की मासूम बच्ची के साथ युवक कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को लेकर बीएचयू ट्रामा सेंटर पहुतते तभी रास्ते में ही दोनों की मौत हो गई। घटना के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा है।बिहार के दरभंगा के भवानीपुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर निवासी हीरा (30) दिल्ली में मजदूरी करता था। वहां पर पत्नी जलीना बेगम, तीन साल की बच्ची रोजी और साले के साथ रहता था। स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस से वह सभी के साथ लौट रहा था।

बहेड़वा हॉल्ट के पास जब ट्रेन पहुंची, चलती ट्रेन से हीरा अपनी बच्ची को लेकर कूद गया। गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पत्नी व साले भी चेन पुलिंग कर ट्रेन से कूद गये। वे दोनों भी चोटिल हो गये। मिजार्मुराद पुलिस ने चारों को बीएचयू ट्रामा सेंटर के लिए भेजा। रास्ते में ही बच्ची व पिता की मौत हो गई। उसकी पत्नी ने बताया कि हीरा मानसिक रूप से बीमार थे। ट्रेन में उलजुलूस हरकत पर मना किया तो विवाद कर लिया। इसके बाद अचानक ट्रेन से कूद गये।

## जिले की निजी दुकानों में उपलब्ध है दस हजार बोरी खाद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि जिले की निजी दुकानों में दस हजार बोरी खाद है। इन दिनों रबी की बुवाई के समय खेत में डीएपी व एनपीके आदि खादों की जरूरत पडती है। एनएफएलआईपीएल चम्बल फटीर्लाइजर आदि निजी कम्पनियों की दस हजार बोरी खाद निजी विक्रेताओं के यहां मौजूद हैं। किसान भाई वहां से खाद लेकर रबी की फसलों की बुवाई कर सकते हैं। ये खाद उत्तम डीएपी, किसान डीएपी, आईपीएल डीएपी आदि नामों से बाजार में मौजूद है।

सोमवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि इन कम्पनियों की डीएपी प्रयोग करने से उत्पादन में कोई कमी नहीं होती। किसान भाई किसी भी कम्पनी की डीएपी अथवा एनपीके लेकर बुवाई कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श बीज भंडार सीतापुर रोड, अल्का बीज भंडार शंकर बाजार, जय मां संतोषी बीज भंडार कर्वी, कृष्णा फटीर्लाइजर्स शंकर बाजार, बुन्देलखण्ड सीडस, अमनएग्रो मऊ, आनन्दी खाद एवं बीज भंडार मऊ, अशोक कुमार सरैंया, गीता देवी मऊ, आईएफएफडीसी राजापुर, अग्रहरि टेज्डर्स राजापुर, अमन टेज्डर्स राजापुर, जयचन्द्र पाण्डेय लालतारोड के यहां डीएपी व अन्य खाद उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के अनुदान युक्त उर्वरकों को प्राप्त करने को किसान भाई आधारकार्ड व मोबाइल नम्बर दिखाकर निर्धारित मूल्य पर खाद ले सकते हैं। खाद्य विक्रेताओं को चेताया कि बिना पीओएस मशीन के किसी प्रकार का अनुदानयुक्त खाद न बेंचे अन्यथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने किसान भाइयों से कहा कि जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रुम नम्बर 8423128862 व 7839882701 पर प्रत्येक कार्य दिवस में सवेरे नौ बजे से शाम पांच बजे तक फोन कर समस्या का समाधान पा सकते हैं।

## घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलते हैं पांच हजार: टीएसआई



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर यातायात माह नवम्बर में चल रहे जनजागरूकता अभियान के क्रम में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने सीपी सिंह आवासीय विद्यालय में जागरूकता गोष्ठी की।

सोमवार को जागरूकता गोष्ठी में यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव ने बताया कि दो व चारपहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट, हेलमेट अवश्य लगायें। जीवन बहुमूल्य है। परिजन जब भी घर से दोपहिया वाहन लेकर निकलें बच्चे उन्हें हेलमेट लगाने की याद दिलायें। सडक पर हमेशा बाईं तरफ ही वाहन चलायें। 18 वर्ष की उम्र होने पर ही ड्राइविंग लाइसेंस बनवाकर वाहन चलायें। सडक पर चलते समय यातायात संकेतों का ध्यान रखें और पालन करें। शराब पीकर वाहन न चलायें न ही किसी भी व्यक्ति को शराब पीकर वाहन चलाने दें। तेज गति से वाहन न चलायें। बेकाबू होकर हादसे की सम्भावना ज्यादा रहती है।

उन्होने गोल्डेन आवर की बाबत बताया कि किसी भी सडक दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की जितनी सम्भव हो मदद करें। नजदीकी अस्पताल में भर्ती करायें। परिवहन विभाग ऐसा करने पर पांच हजार रुपये का ईनाम देता है। इसलिए सडक दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मदद अवश्य करें। पुलिस को तत्काल सूचना दें, बुलकुल न डरें। यातायात पुलिस टीम ने लोगों के बीच जागरूकता पम्पलेट व हैंडबिल बांटे। गोष्ठी में स्कूल के प्रधानाचार्य व बच्चे तथा यातायात पुलिस टीम मौजूद रही।

# सोशल आडिट करने आई टीम को मनरेगा के कार्यों में मिली कई खामियां

**अखंड भारत संदेश**

**बांगरमऊ उन्नाव।** ग्राम पंचायत इस्माइलपुर आंबापारा में सोशल आडिट की टीम ने ग्राम सचिवालय पहुंच कर मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत में हुए कार्यों का आडिट किया। जिसमें दो आवास मालती पत्नी बलवीर , और अमरसिंह पुत्र जगराम के आवास अधिकारियों ने चेक किये! दोनों आवासों में कोई कमी नजर नहीं आई और दोनों ही पात्र श्रेणी में ही बने हैं। लेकिन जब बात गांव में बने गडक्का तालाब के जीर्णोद्धार और महिलाओं के खाते में मजदूरी की आई तो मौके पर बैठे विजयपाल पुत्र डोरी लाल ने बताया कि तालाब में जलकुंभी निकालने के लिए प्रधान ने अपनी जे सी बी मशीन से जलकुंभी निकलाई गई थी। उसमें किसी लेबर ने काम नही किया था। लेकिन प्रधान ने इसी कार्य को मनरेगा के मस्टर रोल पर चढ़ाकर लाखों रुपए का गबन किया। कुछ महिलाओं के नाम पर 70 ड्यूटी लगाई गई मगर जब उनसे पूछा गया कि आप ने काम किया है तो इस बात का कोई जवाब नहीं मिल सका। इसी क्रम में अधिकारियों ने गांव का भ्रमण कर कार्यों की जांच की तो कुछ ग्राम सभा की



महिलाओं ने कहा कि यहां पर कुछ भी कार्य नहीं होता है। केवल खाना पूर्ति की जाती है। जाने पहचाने लोगों को ही लाभ दिया जाता है। फिर चाहे वह पात्र हो या अपात्र.? कच्चे कार्यों जैसे सड़क पर कार्य कराए बिना ही पैसे निकाले जा रहे हैं।

अधिकारियों को गांव के ही एक व्यक्ति ने बताया कि इस गांव में बहुत से ऐसे कार्य है। जो केवल कागजों पर हैं पर जमीन स्तर पर कभी नहीं हुए। खबर लिखे जाने तक अधिकारी अपनी जांच रिपोर्ट बना रहे थे।

# सरकार बनाने के आमंत्रण पर बोले नेतन्याहू- सभी के लिए प्रधानमंत्री बनूंगा

**यरुशलम।** इजरायल में बेंजामिन नेतन्याहू को एक बार फिर सरकार बनाने के लिए राष्ट्रपति आइजैक हर्जेग ने आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया है। इसके बाद बेंजामिन नेतन्याहू ने जनता से वादा किया कि वह सभी लोगों के प्रधानमंत्री होंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर बेंजामिन नेतन्याहू को इजरायल के प्रधानमंत्री के तौर पर वापसी के लिए बधाई दी।

गत 1 नवंबर को हुए चुनाव के कुछ दिन बाद राष्ट्रपति कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि नेसेट (इजराइल की संसद) के 64 सदस्यों का समर्थन हासिल करने वाले नेतन्याहू को अगली सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पिछले चार वर्ष में देश में यह पांचवां चुनाव था। हर्जोग ने राष्ट्रपति निवास पर एक बैठक के दौरान नेतन्याहू को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया।

इजराइल के वरिष्ठ नेता नेतन्याहू (73) देश के 74 साल के इतिहास में किसी भी अन्य प्रधानमंत्री से ज्यादा-पांच बार चुनाव जीतकर नेतृत्व कर चुके हैं। नेतन्याहू के पास सरकार बनाने के लिए 28 दिन का समय होगा। यदि समय बढ़ाने की जरूरत होती है, तो राष्ट्रपति के पास चौदह अतिरिक्त दिन तक का समय देने का कानूनी अधिकार है। सत्ता में नेतन्याहू की वापसी से भारत-इजराइल के रणनीतिक संबंध और प्रगाढ़ होने की



संभावना है। भारत के साथ मजबूत द्विपक्षीय संबंधों के पैरोकार, नेतन्याहू जनवरी 2018 में भारत की यात्रा करने वाले दूसरे इजराइली प्रधानमंत्री थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जुलाई 2017 में इजराइल की यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस देश की पहली यात्रा थी। दोनों नेताओं के बीच का जुड़ाव उस समय गहन चर्चा का विषय बन गया था। हर्जेग ने कहा कि वह नेतन्याहू के खिलाफ भ्रष्टाचार के मुकदमे से अनजान नहीं हैं, लेकिन अदालत ने फैसला सुनाया था कि यह नेतन्याहू को जनादेश देने में बाधा नहीं है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इजराइल को ऐसी सरकार की आवश्यकता है, जो भले ही उसकी संरचना में सभी विश्वदृष्टि और विधायिका के वर्गों को प्रतिबिंबित न करे, फिर भी सभी लोगों के बीच जुड़ाव और एकीकरण की प्रक्रिया का नेतृत्व करना जानती हो और एक जिम्मेदार, सतर्क, खुला, स्पष्ट, तथा सरकार की अन्य शाखाओं के साथ बेहतर संवाद स्थापित करें। नई सरकार बनाने का जनादेश प्राप्त करने और अपने नेतृत्व में छठी बार सरकार बनाने की तैयारी कर रहे नेतन्याहू ने कहा कि वह बिना किसी अपवाद के इजराइल के सभी नागरिकों के लिए प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि मैं सभी के लिए प्रधानमंत्री बनने का इरादा रखता हूं। उनके लिए जिन्होंने मुझे चुना है और उनके लिए भी जिन्होंने मुझे नहीं

> **रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज की नेशनल यूनिटी ने 12 सीट जीतीं, और वित्त मंत्री एविग्डोर लिबरमैन की पार्टी को छह सीट मिलीं।**

चुना है। नेतन्याहू ने नेसेट के सभी 64 सदस्यों को धन्यवाद दिया, जिन्होंने उनके प्रति समर्थन जताया और कहा कि वह एक स्थिर और सफल सरकार बनाएंगे।

नेतन्याहू की लिकुड पार्टी के अलावा उन्हें शास, यूनाइटेड टोराह जूडयिज्म, रिलिजिअस जियोनिज्म, जूइश पावर और नोआम समेत दक्षिणपंथी गठबंधन का समर्थन मिला है। लिकुड पार्टी ने संसद में 32 सीट जीतीं, जबकि निवर्तमान प्रधानमंत्री याइर लापिद की एश अतीद को 24 सीट मिलीं। रिलिजिअस जियोनिज्म को 14 सीट मिली हैं। नेतन्याहू के अन्य संभावित गठबंधन सहयोगियों-शास और यूनाइटेड टोराह जूडयिज्म ने क्रमश- 11 और सात सीट जीतीं, जिससे 120 सदस्यीय संसद में गठबंधन के कुल सांसदों की संख्या 64 हो गई है।

रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज की नेशनल यूनिटी ने 12 सीट जीतीं, और वित्त मंत्री एविग्डोर लिबरमैन की पार्टी को छह सीट मिलीं। एक समय इजराइल की सत्ता में रही लेबर पार्टी केवल 3.25 प्रतिशत मतों के साथ चार सीट जीत पाई।

बेंजामिन नेतन्याहू को इजरायल में सरकार बनने का आमंत्रण मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया, 'मैं भारत-इजरायल रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के अपने संयुक्त प्रयासों को जारी रखने के लिए उत्सुक हूं।' मोदी को धन्यवाद देते हुए बेंजामिन नेतन्याहू ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि, 'धन्यवाद मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मैं इज़राइल और भारत के बीच निरंतर उपयोगी सहयोग की आशा करता हूं।'

# धनखड़ ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया

**नामपेन्ह।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा पर वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया और नौवहन एवं ऊपर से उड़ान भरने (ओवरफ्लाइट) की स्वतंत्रता के साथ मुक्त, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देने में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) तंत्र की भूमिका पर जोर दिया। धनखड़ ने यहां 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) को संबोधित करते हुए 2023 में अंतरराष्ट्रीय जुआर वर्ष में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के सदस्यों के पूर्ण योगदान का भी आह्वान किया।

उपराष्ट्रपति ने खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बढ़ती वैश्विक चिंताओं को रेखांकित किया और नौवहन और ऊपर से उड़ान भरने की स्वतंत्रता के साथ मुक्त, स्वतंत्र और समावेशी हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बढ़ावा देने में ईएएस तंत्र की भूमिका पर जोर दिया। अमेरिका, भारत और कई अन्य विश्व शक्तियां इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य मौजूदगी की पृष्ठभूमि में एक स्वतंत्र, मुक्त और संपन्न हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर चर्चा कर रही हैं। चीन लगभग सभी विवादित दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, हालांकि ताइवान, फिलीपीन, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं।

बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान बनाए हैं। चीन का पूर्वी चीन सागर में भी जापान के साथ क्षेत्रीय विवाद है। भारत,




ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के क्वाड समूह ने हिंद-प्रशांत में यथास्थिति बदलने या तनाव बढ़ाने वाले किसी भी एकतरफा कदम का कड़ा विरोध किया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कंबोडिया की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं। उन्होंने शिखर सम्मेलन के इतर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ संक्षिप्त मुलाकात भी की।

आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संघ) शिखर सम्मेलन यूक्रेन संघर्ष और ताइवान जलडमरूमध्य में चीन की सैन्य मौजूदगी से उत्पन्न भू-राजनीतिक उथल-पुथल के बीच हो रहा है। कंबोडिया इन शिखर सम्मेलनों की मेजबानी आसियान के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में कर रहा है। इस वर्ष आसियान-भारत संबंधों की 30वीं वर्षगांठ है और इसे आसियान-भारत मैत्री वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों का संघ (आसियान) एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जिसके दक्षिण-पूर्व एशिया में 10 सदस्य देश हैं जिनमें ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमा, फिलीपीन, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में आसियान सदस्य देशों के अलावा, भारत, चीन, जापान, कोरिया गणराज्य, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, अमेरिका और रूस शामिल हैं। जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यात्रा पर हैं, जो यहां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। धनखड़ ने जन स्वास्थ्य, नवीकरणीय ऊर्जा और उन्नत कृषि के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए आसियान-भारत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी कोष में 50 लाख अमेरिकी डॉलर के अतिरिक्त योगदान की घोषणा की।

## सीरिया में इस्राइली हवाई हमले में दो सैनिकों की मौत, तीन घायल



**सीरिया।** इस्राइल के हवाई हमलों में दो सीरियाई सैनिकों की मौत हो गई साथ तीन घायल हो गए। सीरिया की स्थानीय मीडिया के मुताबिक हमलों में शायरत एयरबेस को निशाना बनाया जिस पर काफी नुकसान हुआ है।

## नेपाल के पांच दिवसीय दौरे पर हैं चीन के उप मंत्री ली कुन

**काठमांडू।** नेपाल की पांच दिवसीय यात्रा पर आये चीन के संस्कृति और पर्यटन मामलों के उप मंत्री ली कुन ने यहां दरबार स्क्वायर का दौरा किया, जहां उन्होंने दोनों देशों द्वारा संयुक्त रूप से पुनर्निर्मित धरोहर स्थल का निरीक्षण किया। नेपाल में 2015 में आये विनाशकारी भूकंप में दरबार स्कवायर को काफी नुकसान पहुंचा था।



चीनी अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे ली ने काठमांडू स्थित दरबार स्क्वायर का दौरा किया, जहां उन्होंने नेपाल और चीन द्वारा संयुक्त रूप से पुनर्निर्मित धरोहर स्थल का निरीक्षण किया।ली ने काठमांडू में चीनी संस्कृति केंद्र में आयोजित चीन की संस्कृति और साहित्य पर नेपाली लोगों के लिए एक प्रशिक्षण शिविर में भी भाग लिया। ली की यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि वह 20 नवंबर के संसदीय और प्रांतीय चुनावों से आठ दिन पहले यहां आए हैं। हालांकि, नेपाली विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जीवन राम श्रेष्ठ के अलावा अन्य मंत्रियों के साथ कोई आधिकारिक बैठक नहीं हुई है। चीनी प्रतिनिधिमंडल भक्तपुर दरबार स्क्वायर का भी निरीक्षण करेगा, स्वयंभूनाथ, पाटन दरबार स्क्वायर और काठमांडू में राष्ट्रीय संग्रहालय का दौरा करेगा।

## व्यापार मेले का गोयल ने किया उद्घाटन, कहा- देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित 41वें भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ-2022) का आगाज हो गया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को इस मेले का उद्घाटन किया। इस वर्ष के व्यापार मेले का विषय 'निवेश का अमृतकाल' है। वाणिज्य मंत्रालय की इकाई भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) द्वारा आयोजित इस मेल का उद्घाटन के बाद पीयूष गोयल ने कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के माध्यम से नई-नई स्वदेशी वस्तुएं बन रही हैं, अगर एक स्वदेशी फेयर होता है जिसमें फिजिकल और वर्चुअल फेयर की व्यवस्था हो तो दुनिया को भारत की ताकत देखने को मिलेगी।

भारत व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले 14 से 27 नवंबर तक चलेगा। आजादी के 75वें वर्ष में आयोजित इस व्यापार मेले में अमृत महोत्सव की झलक भी देखने को मिलेगी। इस बार ये व्यापार मेला 73 हजार वर्ग मीटर में नए आधुनिक प्रदर्शनी हाल में आयोजित किया गया है, जो काफी खूबसूरत बनाए गए हैं। इसमें विभिन्न राज्यों के स्टाल

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# तुर्की में आतंकी हमला, 6 की मौत, एक अरेस्ट : संदिग्ध महिला बेंच पर बैठी रही, फिर बैग रखकर चली गई; कुछ देर बाद धमाका

**तुर्की।** तुर्की के इस्तांबुल में 13 नवंबर को हुए बम ब्लास्ट में 6 लोगों की मौत हो गई। 81 लोग घायल बताए जा रहे हैं। एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है, लेकिन पुलिस ने ज्यादा जानकारी देने से इनकार कर दिया। अल जजीरा ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि हमले में 3 लोग शामिल थे। इनमें से एक महिला और दो युवक थे।

धमाका करीब 4 बजकर 15 मिनट एक भीड़-भाड़ वाली संकरी गली में हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया- एक महिला करीब 40 मिनट तक गली में रखी एक बेंच पर बैठी रही। इसके बाद वो भीड़-भाड़ वाली जगह में एक बैग गिराकर बाहर निकल गई। इसके कुछ ही मिनट के बाद धमाका हुआ। माना जा रहा है कि इसी बैग में बम था।

**आतंकवादी हमला होने की आशंका**-तुर्की के उप-राष्ट्रपति फुआत ओकटे ने इस धमाके को आतंकवादी



हमला बताया है। उन्होंने भी कहा कि ब्लास्ट को अंजाम देने वाली एक महिला थी। इंटीरियर मिनिस्टर सुलेमान सोयलू ने कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (क्काय) पर हमला करने का आरोप लगाया है।

यह पार्टी एक कुर्दिश उग्र वामपंथी संगठन है। यह 1984 में बना था। 1990 के दशक से यह आतंकवाद फैलाने लगा है। यह ज्यादातर नॉर्थ इराक और साउथ-ईस्ट तुर्की में एक्टिव है। इसका मकसद साउथ-ईस्ट तुर्की में एक स्वतंत्र कुर्दिश राज्य की स्थापना करना था। इधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीम पहुंची। सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। एक पुलिस अफसर ने कहा- हमने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। धमाके में 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। 2 लोगों की जान इलाज के दौरान चली गई। मामले की पूरी जानकारी के लिए CCTV फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**वायरल वीडियो में लोग घबराकर भाग रहे हैं**

ब्लास्ट के बाद से सोशल मीडिया पर कई वीडियो वायरल हो रहे हैं। एक वीडियो में कई लोग गली में आगे की ओर बढ़ रहे हैं तभी उस गली में जोर से धमाका होता है। गली के अंदर घुसने वाले लोग तुरंत बाहर की ओर भागने लगते हैं। इस वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि ब्लास्ट के बाद आग और धुंए का गुबार नजर आता है। कई ऐसे वीडियो भी आए हैं, जिसमें सड़क पर कई लोग जख्मी पड़े नजर आ रहे हैं।

इस तस्वीर में बम धमाके वाली जगह में पुलिस जांच कर रही है। ब्लास्ट होने के कारणों और हमलावर के खिलाफ सबूत ढूंढ रही है।

**अमेरिका में एयर शो के दौरान प्लेन टकराए: जमीन पर गिरते ही ब्लास्ट, 6 लोगों की मौत**

अमेरिका के डलास में एयर शो के दौरान सेकेंड वर्ल्ड वॉर के 2 प्लेन टकरा गए। एयर फोर्स ने कहा- दोनों विमानों में 6 लोग मौजूद थे। सभी की मौत हो गई। हालांकि अधिकारियों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स-III पर यॉर्कशायर में अंडे फेंके गए। पुलिस ने ऐसे करने वाले 23 साल के शख्स को गिरफ्तार कर लिया। किंग और क्वीन कंसोर्ट कैमिला एक कार्यक्रम में शामिल होने दो दिवसीय दौरे पर नॉर्थ इंग्लैंड के यॉर्कशायर पहुंचे थे। लोग किंग के स्वागत में 'गॉड सेव द किंग' गा रहे थे तभी नारेबाजी करते हुए एक शख्स ने उन पर अंडे फेंक दिए। वो चिल्ला रहा था- ये देश गुलामों के खून पर बना है।

# पलायन से पहले रूसी सेना ने खेरसान को बरबाद कर दिया : जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के खेरसान प्रांत को छोड़ने से पहले रूसी सेना ने सबकुछ तहस-नहस और बरबाद कर दिया है। यह दावा करते हुए यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक वीडियो संदेश में कहा कि रूसी सेना ने खेरसान से भागने से पहले यहां के प्रमुख बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है।

जेलेंस्की ने डोनेट्स्क के पूर्वी क्षेत्र में चल रही लड़ाई को नारकीय जैसा बताया और कहा कि हमने मास्को समर्थक बलों द्वारा क्षेत्र छोड़े जाने तक बहुत कठिन लड़ाई लड़ी। उन्होंने बताया कि खेरसान के निवासियों ने वापस आने वाले सैनिकों का खुशी से स्वागत किया।


जेलेंस्की ने कहा कि रूसियों का एक ही लक्ष्य है, जितना संभव हो सके लोगों को नुकसान पहुंचाना। जेलेंस्की ने लोगों को भरोसा दिलाते हुए कहा, हम सबकुछ बहाल कर देंगे। उन्होंने



कहा कि खेरसान से भागने से पहले रूसी सेना ने यूक्रेन के सभी महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया है। संचार सुविधा, पानी, बिजली की लाइन सबकुछ नष्ट किया जा चुका है। जेलेंस्की ने कहा कि इन सबके बावजूद खेरसान में यूक्रेन की यह सफलता काफी बड़ी है, क्योंकि उसके सैनिक अब 60 से अधिक क्षेत्रीय बस्तियों पर अपना नियंत्रण पा चुके हैं।

# उत्तर कोरिया और चीन के खतरे को लेकर बाइडन की एशियाई सहयोगियों संग गोलबंदी

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन जापान और दक्षिण कोरिया के नेताओं से मिल रहे हैं ताकि अपने परमाणु और बैलेस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों से डरा रहे उत्तर कोरिया के खिलाफ प्रतिक्रिया व्यक्त करने में समन्वय स्थापित किया जा सके। इसके अलावा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ आमने-सामने की बैठक की पूर्व संध्या पर बाइडन ने प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख पर काबू पाने के लिहाज से जानकारी लेंगे। बाइडन ने जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात की और उनका दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति यून सुक येओल के साथ भी बैठक का कार्यक्रम है। कंबोडिया में 'ईस्ट एशिया समिट' से इतर तीनों नेता एक साथ बैठेंगे। यह बैठक तब हो रही है, जब हाल के हफ्तों में उत्तर कोरिया ने दर्जनों मिसाइलें दागी हैं जिनमें 10 दिन पहले दागी गई अंतरमहाद्वीपीय



बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल है। इस मिसाइल के कारण उत्तरी जापान में बचाव संबंधी अलर्ट जारी करना पड़ा था। जापान ने यह भी चेतावनी दी है कि अलग-थलग पड़ा उत्तर कोरिया आने वाले हफ्तों में अपना सातवां परमाणु परीक्षण कर सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने संवाददाताओं से शनिवार को कहा था कि बाइडन का मकसद इस बैठक का इस्तेमाल उत्तर कोरिया द्वारा उत्पन्न खतरे के प्रति तीनों देशों की संयुक्त प्रतिक्रिया को मजबूत करना है। उत्तर कोरिया को आधिकारिक रूप से डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के नाम से जाना जाता है। सुलिवन ने कहा, ''असल में हम जिस चीज को देखना चाहते हैं वह यह है कि त्रिपक्षीय सुरक्षा सहयोग बढ़े जिसके लिए तीनों देश एकजुट हो रहे हैं।'' दिसंबर 2017 के बाद से पहली बार कोरियाई प्रायद्वीप में बम वर्षक युद्धक विमान तैनात किये गये हैं। इस क्षेत्र में संयुक्त वायुसैनिक अभ्यास के दौरान कुल 240 युद्धक विमान तैनात किये गये जिनमें एफ-35 भी शामिल हैं।

# जयशंकर ने ब्लिंकन से मुलाकात की, विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**नामपेन्ह।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की और द्विपक्षीय मुद्दों, रूस-यूक्रेन युद्ध, ऊर्जा, जी-20 तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच संभावित बैठक से कुछ दिन पहले हुई। जयशंकर और ब्लिंकन के बीच यह बैठक कंबोडिया की राजधानी नोम पेन्ह में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर हुई।जयशंकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ यहां आए हैं, जो आसियान-भारत शिखर सम्मेलन और 17वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। जयशंकर और ब्लिंकन की मुलाकात 15-16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी और बाइडन के बीच संभावित द्विपक्षीय वार्ता से कुछ दिन पहले हुई है। जयशंकर ने ट्वीट किया, ''अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ एक सार्थक बैठक हुई। यूक्रेन, हिंद-प्रशांत, ऊर्जा, जी20 और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।''

ब्लिंकन ने ट्वीट किया, ''हमारी साझेदारी का विस्तार करने और यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के प्रभावों को कम करने के लिए जारी प्रयासों पर चर्चा करने के लिए मैंने आज नोम पेन्ह में आसियान (दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन) शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। अमेरिका, भारत के जी-20 की अध्यक्षता करने का समर्थन करता है।'' ब्लिंकन के साथ जयशंकर की मुलाकात मंगलवार को मास्को में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक और शनिवार को यहां यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा के साथ बातचीत के बाद हुई।

अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन और प्रधानमंत्री मोदी के बीच उपयोगी और बहुत व्यावहारिक संबंध हैं। सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन बाली में जी-20 शिखर सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात को लेकर उत्सुक हैं। उन्होंने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में संवाददाताओं से कहा, मैं यह बताना चाहता हूं कि राष्ट्रपति बाइडन के पदभार संभालने के बाद प्रधानमंत्री मोदी व्हाइट हाउस आये थे और उन दोनों के बीच कई बार व्यक्तिगत मुलाकात तथा फोन और वीडियो कॉल पर बातचीत हुई है।''

उन्होंने कहा कि दोनों नेता कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर समान हित देखते हैं और अमेरिका-भारत साझेदारी को मजबूत करने के लिए वास्तव में मिलकर काम किया है। उन्होंने कहा, ''जब आप उन सभी चीजों को जोड़ते हैं, तो यह एक उपयोगी, बहुत व्यावहारिक संबंध होता है।'' उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन इस साल जी-20 में प्रधानमंत्री मोदी से मिलने के लिए उत्सुक हैं।'' भारत अगले साल जी-20 की अध्यक्षता करेगा और उस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति के नयी दिल्ली की यात्रा करने की संभावना है।

भारत ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की अभी तक निंदा नहीं की है और उसका कहना है कि संकट का समाधान कूटनीति और बातचीत के माध्यम से किया जाना चाहिए।

फरवरी में यूक्रेन संकट शुरू होने के बाद से, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, दोनों से कई बार टेलीफोन पर बातचीत की है। मोदी ने चार अक्टूबर को जेलेंस्की के साथ फोन पर बातचीत में कहा था कि यूक्रेन संकट का ''कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता'' और भारत शांति के किसी भी प्रयास में योगदान देने के लिए तैयार है।